RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 247 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 16 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -3 पर खनिज निरीक्षक ने जानबूझ कर आरोपी को बचाव करते ....

छग प्री. एमसीए में पहला रैंक हासिल कर विकास पटेल ने किया राज्य व जिला ... पेज -4 पर

गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट छानने की मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश

## ग्रामीण औद्योगिक पार्क के उत्पादकों की गुणवत्ता, कीमत और मार्केटिंग पर दिया जाए ध्यानः सीएम

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश के गौठानों के ग्रामीण औद्योगिक पार्क में तैयार होने वाले उत्पादों को अच्छा बाजार दिलाने के लिए उत्पादों की गुणवत्ता, उचित कीमत और मार्केटिंग पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है।



ताकि उत्पादों की बिक्री बढ़े और इसका अधिक से अधिक फायदा स्व-सहायता समूहों को मिले। मुख्यमंत्री ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में गौठानों को महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में विकसित करने के लिए किए जा रहे कार्यों, गोधन न्याय योजना, सी-मार्ट और मुख्यमंत्री रेशम मिशन के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्र कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बिलासा प्रीमियम शॉप में 4.90 लाख के हैण्डलूम वस्त्रों की बिक्री

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि रायपुर के छत्तीसगढ़ पंडरी हाट में 10 जून 2022 को प्रारंभ किए गए बिलासा हैण्डलूम के प्रीमियम प्रोडक्ट के एम्पोरियम में 11 जुलाई तक 4 लाख 90 हजार रूपए के वस्त्रों का विक्रय किया गया है। इस प्रीमियम शॉप में छत्तीसगढ़ के बुनकरों द्वारा तैयार टसर सिल्क और कॉटन की साड़ियां, स्टोल, ड्रेस मटेरियल, फर्नीशिंग एवं रेडिमेड के हैण्डलूम वस्त्रों का डिस्प्ले और विक्रय किया जा रहा है।

### नानगूर में ककून बैंक की स्थापना

मुख्यमंत्री ने रेशम मिशन समीक्षा के दौरान कहा कि बस्तर में नैसर्गिक ककून के संग्रहण और धागा बनाने के कार्य में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को आय और रोजगार का साधन उपलब्ध कराया जा सकता है। बैठक में जानकारी दी गई कि बस्तर जिले के नानगूर में वन विभाग द्वारा ककून बैंक की स्थापना की गई है। वन विभाग द्वारा नैसर्गिक रैली ककून का स्थानीय लोगों से समर्थन मूल्य पर क्रय किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ के दृष्टिबाधित छात्र रघुनाथ ने सबल अवार्डस् में जीता तीसरा पुरस्कार

रायपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने दी बधाई और शुभकामनाएंजीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की ललक इन्सान में नई उर्जा और उत्साह का संचार करती है। व्यक्ति की प्रतिभा और लगन उसे अपने सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है। मेरा भी सपना किसी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा की बदौलत अपने परिवार का नाम करना है। यह कहना है सुकमा जिले के आकार संस्था में 10वीं कक्षा में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र रघुनाथ नाग का। इन्होंने हाल ही में झारखण्ड राज्य के जमशेदपुर में टाटा स्टील फाऊंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों की विशिष्ट कला प्रतिभा को प्रोत्साहित करने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सबल अवार्डस् में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। रघुनाथ ने 17 राज्यों के प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और तीसरा पुरस्कार अपने नाम किया।





### झारखण्ड में आयोजित 17 राज्यों के दिव्यांग होनहारों के मध्य दिखाई अपनी प्रतिभा

रघुनाथ पूर्णतः दृष्टिबाधित हैं मगर उनके हौसले और जीवन जीने का अंदाज प्रेरणादायक है। उनमें गजब की गायन प्रतिभा है, हार्मोनियम वादन के साथ ही रघुनाथ ने ''ऐसी लागी लगन...'' गाकर सुरों का ऐसा समा बांधा कि सब मंत्रमुग्ध रह गये। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया और सुकमा कलेक्टर श्री हरिस. एस ने रघुनाथ को इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए बधाई और आगामी सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दी।

रघुनाथ को सबल फाऊंडेशन द्वारा प्रशस्ति पत्र और 10 हजार का चेक पुरस्कार प्रदान किया गया है। सुकमा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सोनाकुकानार के निवासी रघुनाथ नाग, पांच भाई बहनों में चौथे हैं।

## एक नजर

### फैक्ट्री में हाईवा वाहन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

रायपुर । राजधानी रायपुर के उद्योग क्षेत्र सिलतरा फेस 2 में स्थित धनकुल स्टील फैक्ट्री में काम के दौरान एक मजदूर की हाईवा वाहन के नीचे आने से मौत हो गई है। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने फैक्ट्री पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया है तथा कार्रवाई और मुआवजे की मांग पर अड़े हैं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार रात की है। मृतक भानुराम दिवाकर उम्र 35 वर्ष हमेशा की तरह गुरूवार रात ड्यूटी पर आया था। इसी बीच देर रात जब वह फैक्ट्री में काम कर रहा था, तो कंपनी के हाईवा ने उसे कुचल दिया। घटना से नाराज मृतक मजदूर के साथियों ने शुक्रवार को काम बंद कर दिया और फैक्ट्री के अंदर नहीं गए। मजदूरों के साथ मृतक के परिजनों ने भी हंगामा कर दिया और मृतक को न्याय दिलाने की मांग पर अड़े है। परिजनों के अनुसार मृतक के दो छोटे बच्चे है जो अब अनाथ हो गए हैं। जिनके लिए उचित मुआवजा तथा परिवार को पेंशन की मांग की जा रही है। मजदूरों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के लिए कोई उपाय नही किया जाता है। जिसके चलते अक्सर इस प्रकार की घटनाएं होती रहती है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## शिक्षा सचिव अचानक स्कूल पहुंचे, 11 के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। रायपुर के एक स्कूल में अचानक व्यवस्था का जायजा लेने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव एस भारतीदासन पहुंचे। स्कूल में टीचर और स्टाफ समय पर नहीं पहुंचे थे। कई तरह की अव्यवस्था स्कूल में नजर आई। इससे भड़के भारतीदासन ने प्राचार्य समेत स्कूल के 11 कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जारी कर दिया। मामला मंदिर हसौद के हायर सेकेण्डरी स्कूल का है। यहां पहुंचे शिक्षा विभाग के सचिव भारतीदासन ने बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता और प्रबंधन की खामियों के चलते गहरी नाराजगी जताई। इस वजह से अफसर ने कहा कि स्कूल के प्राचार्य की दो वेतन वृद्धि, व्याख्याता की एक वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। 10 कर्मियों में 7 शिक्षक, एक लिपिक, 2 भृत्य ऐसे थे जो लेट से स्कूल आए इनके आधे दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की जा रही है। जब स्कूल शिक्षा सचिव भारतीदासन मंदिर हसौद में बने इस सरकारी स्कूल में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि प्राचार्य प्रेमशिला एक्का लापरवाही बरत रही हैं। ठीक ढंग से पढ़ाई तक स्कूल में नहीं हो रही। स्कूल में शासन की तरफ से दी गई निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें डम्प पड़ी थीं। इसकी जिम्मेदार एल.बी. व्याख्याता भुवनेश्वरी यादव से भी जवाब-तलब किया। प्रमिला वर्मा, एस.के. वर्मा, माला रानी मिश्रा, स्मृति सिंह, मेघा कुसर, हेमलता दीवान, ओंकेश्वर सोनवानी, संगीता ढीढी, हरिराम धृतलहरे और भूपेन्द्र कुमार नाम के स्टाफ पर वक्त पर न आने की वजह से एक्शन लिया जा रहा है।



छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगा कोरोना का संक्रमण

## 453 नए मरीज मिले, एक्टिव केस 2389, मुफ्त बूस्टर डोज भी लग रहे

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को प्रदेश में 453 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 2389 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 432 रायपुर व 416 एक्टिव केस दुर्ग जिले में हैं। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करें। टीकाकरण और बूस्टर डोज जरूर लगवाएं। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार से कोरोना टीके का बूस्टर डोज मुफ्त में लगना शुरू हो गया है। प्रीकॉशन अथवा बूस्टर डोज सभी सरकारी टीकाकरण केंद्रों में उपलब्ध है।



राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक शुक्रवार को 13 हजार 231 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 453 नए संक्रमित मिले हैं। दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा 88 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 282 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 14 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 3.14त्न से बढ़कर 3.42त्न हो गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 45 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 58 हजार 153 लोग संक्रमित हो चुके हैं।

## शराब के फुटकर विक्रय दर में कोई वृद्धि नहीं

रायपुर । आबकारी शुल्क में वृद्धि किए जाने से मदिरा के फुटकर विक्रय दर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, अर्थात् फुटकर विक्रय दर अपरिवर्तित रहेंगे। वृद्धि की यह राशि फुटकर विक्रय दर में शामिल अन्य घटक में समाहित होगी। आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गौठान के विकास तथा रख-रखाव के लिए राशि की आवश्यकता की प्रतिपूर्ति हेतु आबकारी विभाग द्वारा देशी एवं विदेशी मदिरा (स्प्रिट) (न्यूनतम ड्यूटी दर) के फुटकर विक्रय दर पर प्रति नग (बोतल, अद्धा, पाव) पांच रूपए की दर से अतिरिक्त आबकारी शुल्क अधिरोपित किया गया है।

## मौसम में हो रहे बदलाव से हो सकता है मौसमी बुखार

सामान्य सर्दी खांसी के लक्षणों को न करें नज़रअंदाज़

बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने खिलाएं पोषणयुक्त आहार



रायपुर । मौसम में हो रहे बदलाव के चलते सर्दी-बुखार का होना सामान्य बात है। लगातार बारिश और उसके बाद होने वाली तेज धूप के चलते वातावरण वायरस के फैलाव के अनुकूल हो जाता है। ऐसे में हुए बुखार को वायरल बुखार या मौसमी बुखार कहा जाता है। भले ही इस तरह के बुखार चार से छह दिनों में स्वयं ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन इससे होने वाली कमजोरी और अन्य समस्याओं का असर कई दिनों तक बना रहता है। मौसम में बदलाव के आते ही इस तरह के बुखार का होना बहुत सामान्य होता है, किन्तु इसे नज़रअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 386.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर । राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 386.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 15 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 995.6 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 126.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। प्रदेश में पिछले दस वर्षों के आधार पर अब तक वर्षा का औसत 345.8 मि.मी. है।

## देश में छत्तीसगढ़ मॉडल सफल, प्रदेश में बेरोजगारी की दर हुई न्यूनतम - मुख्यमंत्री बघेल

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ गीत ''आमा पान के पतरी, कलेरा पान के दोना'' गीत गाकर समां बांधा। वाक्या एक निजी चैनल हिन्दी खबर में आयोजित महा संवाद कार्यक्रम का था। जब मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ी गीत गाने का आग्रह किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध लोक गायक श्री दिलीप षडंगी को देखा और कहा जब इतने अच्छे कलाकार खुद मंच में हों, तो इससे अच्छी बात क्या होगी। मुख्यमंत्री ने श्री षडंगी को माइक देने के लिए कहा और उनके साथ खुद भी छत्तीसगढ़ी गीत के लाइनें गायी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में छत्तीसगढ़ मॉडल सफल है। हम आम लोगों को सशक्त बनाने का काम कर रहे हैं। हम वह काम कर रहे हैं, जिससे आम जनता के जेब में पैसा आये और उनकी आय बढ़े। हम लोगों के हाथ में काम दे रहे हैं। इन्हीं सब प्रयासों के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर न्यूनतम है। हम अपनी प्राचीन संस्कृति के संवर्धन और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। हमने आकर्षक छत्तीसगढ़ी फिल्म नीति बनाई। स्थानीय कलाकारों को काम मिला। अब यहां के मल्टीप्लेक्स और बड़े सिनेमाघरों में छत्तीसगढ़ी फिल्म दिखाई जा रही है और बड़ी संख्या में देखने भी आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने गोधन न्याय योजना की शुरूआत की।



### मुख्यमंत्री ने "आमा पान के पतरी" छत्तीसगढ़ी गीत गाकर कार्यक्रम में बांधा समां

### मुख्यमंत्री 'महासंवाद' कार्यक्रम में हुए शामिल

शपथ ग्रहण... गौठान बनने से लगभग राज्य में डेढ़ लाख हेक्टेयर शासकीय भूमि हुई सुरक्षित

## कृषि मंत्री भाटापारा मंडी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

रायपुर। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे आज कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा के नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील शर्मा,उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू सहित सदस्यों को शपथ दिलाई।



कृषि मंत्री श्री चौबे ने किसानों को सौगात देते हुए मंडी परिसर में एक नवीन किसान भवन बनाने एवं तथा जर्जर शेड का जीर्णोद्धार कराये जाने की घोषणा की है। उन्होंने जिला प्रशासन को नवीन मंडी प्रांगण हेतु स्थल चयन के लिए निर्देश दिए। मंत्री श्री चौबे ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में कृषि को समृद्ध और किसानों को खुशहाल बनाने के लिए गए फैसलों एवं संचालित योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ का किसान सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। हम जैविक कृषि की तरफ बढ़ रहे है। गौठान एवं गौधन न्याय योजना के माध्यम से बड़े पैमाने पर वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कर रहे है और लगभग 150 करोड़ की वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया है, जिसमें 147 करोड़ रूपए गौठान समिति एवं महिला स्व-सहायता समूहों के पास वापस आया है। गौठान के माध्यम से एक लाख महिलाओं को स्वावलंबी बनाया है और उन्हें रोजगार से जोड़ा है।

मंत्री श्री चौबे ने कहा कि गांवों में गौठान बनाने से राज्य में लगभग 1.50 लाख हेक्टेयर शासकीय भूमि सुरक्षित हो गई है, जिससे छत्तीसगढ़ की अस्मिता देहान संस्कृति को पुनर्स्थापित हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार समर्थन मूल्य पर छत्तीसगढ़ के किसानों को धान खरीद कर उनकी उपज का वाजिब मूल्य दे रही है। राज्य में किसानों द्वारा उत्पादित धान से हम बायो एथेनॉल बनाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है।

## मेंटेनेंस के चलते 7 घंटे बंद रहेगी बिजली

जामुल और आसपास के इलाकों में शनिवार को पूरे दिन पॉवर कट

भिलाई। जामुल नगर पालिका क्षेत्र सहित कई ग्राम पंचायतों और नगर पंचायतों में शनिवार 16 जुलाई को 7 घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। विभाग ने मेंटेनेंस का कार्य करने के चलते इन क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखने का निर्देश दिया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (CSPDCL) दुर्ग डिवीजन ने इस बारे में जानकारी दी गई है। दी गई जानकारी के मुताबिक विभागीय संभाग भिलाई के अंतर्गत 16 जुलाई को जामुल उपकेंद्र में मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। इसमें पंच से सात घंटे का समय लगेगा। इसलिए इसे करने के लिए शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।



मेंटेनेंस कार्य के दौरान जामुल उपकेंद्र से निकलने वाले सभी फीडरों से बिजली सप्लाई बंद कर दी जाएगी। इससे जामुल नगर पालिका क्षेत्र, कई ग्राम पंचायतों और नगर पंचायतों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस दौरान जामुल, खेरधा, ढौर और खेदामारा क्षेत्र के 7500 घरों की बिजली गुल रहेगी।

### कई तरह के होंगे सुधार

सात घंटे की विद्युत कटौती के दौरान विभाग के इंजीनियर और कर्मचारी सात एबी स्वीच को बदलेंगे। इसके साथ ही वी क्रॉस आर्म को भी ठीक किया जाएगा। कई जगहों पर बारिश के चलते इलेक्ट्रिक पोल झुक गए हैं।

# आजादी का अमृत महोत्सव- 14 की उम्र में सुनीति चौधरी ने लिखी क्रांति की इबारत

*कोलकाता के निकट हुगली तट पर चंद्रनगर (अब चंदननगर) का बागबाजार इन दिनों सुनीति चौधुरी की क्रांति-कथा को विस्मृत कर चुका है। मैं इस शहर के भीड़ भरे इलाके में किसी से उस मकान का पता पूछता हूं, जहां अपने क्रांतिकारी जीवन को पीछे धकेल, एमबीबीएस करने के बाद सुनीति चिकित्सक की भूमिका में सेवा भाव से जुट गई थीं। इस जगह उन्हें अब कोई नहीं जानता।*

उस घर के निशानात भी जमींदोज हो चुके हैं, जिसके एक कक्ष में बैठकर वह मरीजों की सेवा में जुटी रहती थीं। वह एक किराये का घर था, जिसे बाद में बेच दिया गया और जहां अब बहुमंजिली इमारत है।

वर्ष 1974 में इसी जगह बैठकर वह मरीजों को देखने में व्यस्त थीं, जब उन्होंने कहा था, 'यू हैव कम टू मीट विद ए किलर, बट हियर इज ए हीलर नॉट ए किलर।' यानी आप एक हत्यारी से मिलने आए हैं, किंतु यहां पर एक चिकित्सा करने वाली है, मारने वाली नहीं।% सुनीति चौधुरी हिंदी कम बोल पाती थीं, सो उनसे वार्तालाप अंग्रेजी या बांग्ला में ही संभव था। बचपन की याद आते ही वह गीता के अनेक श्लोक भी सुना देतीं, जो उन्हें कंठस्थ थे। बंगाल के कोमिल्ला में उन्होंने अपनी सहयोगी शांति घोष के साथ क्रांतिकारियों का दमन करने वाले वहां के जिला मजिस्ट्रेट स्टीवेन्स को उसके बंगले पर जाकर मारा था। लेकिन कम उम्र के चलते उन दोनों को फांसी न देकर आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। शांति घोष बाद में पश्चिम बंगाल की विधान परिषद और विधानसभा की सदस्य बनीं, पर सुनीति ने चिकित्सक का पेशा अपनाया। जिन हाथों ने एक समय रिवॉल्वर पकड़ा, उनमें स्टेथेस्कोप थमा देख किसी को भी हैरत होती थी। वह एक किस्सा सुनाती थीं, 'बचपन में एक ज्योतिषी ने मेरा हाथ देखकर कहा था कि मेरे हाथ में हत्या की रेखा है। मेरे पिता जी ने नाराज होकर उसे भगा दिया, लेकिन बाद में उसकी बात सच निकली।' स्टीवेंस से उनका कोई व्यक्तिगत द्वेष नहीं था। जिस समय स्टीवेंस पर हमला किया गया, तब सुनीति चौधुरी और शांति घोष की उम्र क्रमशः 14 और 15 वर्ष थी। क्रांति के मार्ग पर इन दोनों किशोरियों का बहादुर कारनामा सचमुच बहुत रोमांचकारी था, जिसे वे अपने साहस के चलते 14 दिसंबर, 1931 को सफलतापूर्वक संपन्न कर पाईं। इस अभियान के लिए इन दोनों किशोरियों को दल की ओर से बाकायदा प्रशिक्षित किया गया था। स्टीवेंस पर गोली चलाने के बाद उन्होंने वंदे मातरम् और 'आमार भारत, आमार भारत' का जयघोष भी किया था। पकड़े जाने के बाद वे इस बात के लिए चिंतित थीं कि उनका शिकार जिंदा है या मर गया। उस कामयाब योजना के पीछे ललित बर्मन, सतीश चंद्र राय, प्रफुल्लमयी, क्रांतिकारी अनंत सिंह की बहन श्रीमती इंदुमती सिंह जैसे लोग थे।



> सुनीति चौधुरी हिंदी कम बोल पाती थीं, सो उनसे वार्तालाप अंग्रेजी या बांग्ला में ही संभव था। बचपन की याद आते ही वह गीता के अनेक श्लोक भी सुना देतीं, जो उन्हें कंठस्थ थे।

शिनाख्त के समय प्रफुल्ल, सुनीति और शांति ने एक दूसरे को पहचानने से साफ इनकार कर दिया। इंदुमती ने काफी सख्ती के बाद भी चटगांव के अपने विप्लवी दल का कोई रहस्य नहीं खोला। पर सुनीति के परिवार का बहुत उत्पीड़न किया गया। उनके रिटायर्ड पिता ने सरकारी नौकरी ईमानदारी से की थी, पर उनकी पेंशन बिना कारण बताए रोक दी गई। बड़े भाई शिशिर चौधुरी पकड़े गए और भाई सुकुमार चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर पीटा भी। ब्रिटिश पुलिस के सिपाही उनके घर पर निगरानी रखने लगे। उस समय परिवार की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई थी। राजशाही और ढाका जेलों में रखे जाने के बाद सुनीति को मिदनापुर जेल भी भेजा गया, लेकिन इस बार उन्हें शांति घोष से पृथक कर दिया गया, जो दोनों के लिए अत्यंत पीड़ादायक था।

जून 1939 में सुनीति और शांति को रिहा कर दिया गया। सुनीति के भाई भी तब जेल से बाहर निकल आए और उन्होंने अपने थके-हारे पिता की आंखों का ऑपरेशन कराया, पर मोतियाबिंद से जा चुकी उनकी ज्योति फिर लौटी नहीं। सुनीति यह मानती थीं कि बंगाल पहले भारत का बौद्धिक नेतृत्व करता था, लेकिन अब उसकी दुर्दशा हो रही है। उनका यह भी कहना था कि हमारे वर्तमान शासकों के मुकाबले अंग्रेज हुक्मरान अधिक सुसंस्कृत और अनुशासित थे। उनका दोष यही था कि उन्होंने हमें गुलाम बनाया था।

आज के मुकाबले ब्रिटिश भारत में भारतीय नारी अधिक सुरक्षित और सम्मानित थी। उस रोज पीड़ा से भरकर उन्होंने यह भी कहा था, 'मैं तो अपने घर से बाहर नहीं निकलना चाहती। भूखे और नंगे मासूम बच्चों को आजादी के इतने वर्षों बाद भी भीख मांगते देख तथा गरीब बच्चों की कभी खत्म न होने वाली तकलीफों को जानकर मेरा हृदय फट जाता है। क्या इसी दिन के लिए हम बालिकाओं ने अंग्रेजों के खून की होली खेली थी? उन दिनों उनके पुराने साथी ललित बर्मन जा चुके थे, पर सतीश चंद्र राय कलकत्ता में थे।

सुधीर विद्यार्थी

## संपादकीय

### भारत जोड़ो बनाम स्नेह यात्रा

देश की दोनों बड़ी पार्टियां- भाजपा और कांग्रेस दो बड़ी यात्राओं की तैयारी कर रही हैं। दोनों का यात्राओं का आइडिया एक-दूसरे से मिलता-जुलता है और दोनों का मकसद भी एक जैसा है। कांग्रेस पार्टी अक्टूबर में भारत जोड़ो यात्रा करेगी और उससे पहले भाजपा को स्नेह यात्रा निकालनी है। यात्रा की घोषणा कांग्रेस ने पहले की थी, लेकिन उससे पहले भाजपा की यात्रा होगी। ध्यान रहे स्नेह भी जोड़ने का ही मकसद लिए होता है। इसका आइडिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में दिया था। इस महीने पार्टी के सभी सात मोर्चों की बैठक बिहार में होने वाली है, जिसमें इस यात्रा की तैयारियों के बारे में विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने पार्टी के नेताओं से कहा कि वे लोगों के बीच जाएं, उनकी बात सुनें और अपनी बात उन्हें बताएं। इससे पहले कांग्रेस ने उदयपुर में हुए नव संकल्प शिविर में भारत जोड़ो यात्रा का ऐलान किया था। दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के दिन इसकी शुरुआत होगी। इसकी तैयारी पर विचार के लिए कांग्रेस ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों, प्रभारियों और महासचिवों की बैठक दिल्ली में बुलाई है। हालांकि इस बैठक से ठीक पहले पार्टी के नेता राहुल गांधी विदेश यात्रा पर चले गए। वे रविवार को लौटेंगे और सोमवार को संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में हिस्सा लेंगे। कांग्रेस की तैयारी बड़ी हो रही है और उसे पूरे देश में माहौल बनाने व मैसेज देने के लिए यात्रा करनी है।

# सत्ता के लिए समझौते करती पीपीपी

*वर्ष 1967 में जुल्फिकार अली भुट्टो द्वारा स्थापित पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने अपनी नीतियों और घोषणापत्रों के साथ अपने समय से आगे बेहद प्रगतिशील पार्टी के रूप में शुरुआत की, जिसने संघर्षरत जनता को रोटी, कपड़ा और मकान मुहैया कराने पर जोर दिया। लेकिन आज आसिफ अली जरदारी के नेतृत्व में यह पार्टी प्रगतिशील नहीं रह गई है और सत्ता में बने रहने के लिए इसने कई समझौते किए हैं।*

इसका जनाधार केवल सिंध तक सीमित रह गया है, बाकी पाकिस्तान में इसकी शायद ही महत्वपूर्ण उपस्थिति है। पंजाब वह प्रांत है, जहां पीपीपी का जन्म हुआ और जहां उसकी बड़ी मौजूदगी थी, क्योंकि तब यह महत्वपूर्ण राज्य था। वर्ष 2022 में भी मुल्क का प्रधानमंत्री बनने के लिए पंजाब पर नियंत्रण जरूरी है।

पाकिस्तान में उग्रवाद और आतंकवाद एक बड़ा मुद्दा है। हालांकि 1967 में आतंकवाद कोई मुद्दा नहीं था, पर जैसे-जैसे समय बीतता गया और बेनजीर भुट्टो ने पीपीपी की कमान संभाली, आतंकवाद एवं उग्रवाद का मुद्दा प्रमुख होता चला गया। जब बेनजीर प्रधानमंत्री बनीं, अफगानिस्तान युद्ध में उलझा हुआ था और उसका असर पाकिस्तान पर पड़ना शुरू हो गया था। बेनजीर और पीपीपी के लिए उग्रवाद और आतंकवाद के मुद्दे बहुत महत्वपूर्ण थे और इस पर बहुत ध्यान दिया गया था। जब आतंकवादियों द्वारा बेनजीर की हत्या कर दी गई थी, तब आसिफ अली जरदारी के नेतृत्व में पार्टी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाना जारी रखा। मुल्क के किसी भी राजनीतिक दल की तुलना में पीपीपी ने इसे बहुत महत्व दिया।




> पाकिस्तान में उग्रवाद और आतंकवाद एक बड़ा मुद्दा है। हालांकि 1967 में आतंकवाद कोई मुद्दा नहीं था, पर जैसे-जैसे समय बीतता गया और बेनजीर भुट्टो ने पीपीपी की कमान संभाली, आतंकवाद एवं उग्रवाद का मुद्दा प्रमुख होता चला गया।

आज पीपीपी इस्लामाबाद में गठबंधन सरकार का हिस्सा है और सिंध पर शासन कर रही है। जब बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में पार्टी ने मांग की कि सुरक्षा प्रतिष्ठान और तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बीच चल रही वार्ता को संसद के दायरे में लाना चाहिए और चरमपंथियों के साथ सेना की सभी बातचीत के बारे में संसदीय समिति को सूचित किया जाना चाहिए, तब पूरे मुल्क में यह खबर सुर्खियों में रही। सुरक्षा प्रतिष्ठान को समझाना आसान नहीं था, लेकिन अंततः वह राजी हुआ और वरिष्ठ अधिकारियों एवं सांसदों को कैमरे के सामने इसकी जानकारी दी। यह चार घंटे लंबी बैठक थी, जहां सेना प्रमुख, आईएसआई के महानिदेशक और पेशावर के कोर कमांडर ने प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता के साथ संसदीय दलों के सभी नेताओं को जानकारी दी। पेशावर के कोर कमांडर जनरल फैज हमीद काबुल में टीटीपी से बातचीत करने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। टीटीपी अफगानिस्तान स्थित आतंकी संगठन है, जो वहीं से पाकिस्तान के विभिन्न इलाकों, खासकर उत्तरी क्षेत्र में आतंकी हमलों को अंजाम देता है। यहां तक कि जब अमेरिका और नाटो सैनिक अफगानिस्तान में थे, तब भी टीटीपी को सुरक्षित ठिकाना प्रदान किया गया था और पाकिस्तान की शिकायतों के बावजूद इसे हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। टीटीपी शुरू में पाकिस्तान के उत्तरी इलाकों में स्थित था, पर कई सैन्य अभियानों के जरिये इसे वहां से खदेड़ दिया गया। सुरक्षा प्रतिष्ठान और टीटीपी के बीच कई दौर की वार्ता हुई और संघर्ष विराम पर समझौता भी हुआ, पर हर बार टीटीपी ने समझौते का उल्लंघन किया और पाकिस्तान पर हमला जारी रखा। संसदीय समिति को बताया गया कि टीटीपी की कई मांगें हैं।

मरिआना बाबर

## मिला जुला

# गौठान को आजीविका के ठौर एवं ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रुप में विकसित करें-कलेक्टर

### नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।

**जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार की सुराजी गांव योजना नरवा, गरवा, घुरवा अउ बाड़ी एवं गोधन न्याय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।**



जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में गोबर खरीदी की जानकारी लेते हुए समस्त जनपद पंचायत के सीईओ व सीएमओ को समय पर इसका भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने चारो विकासखण्ड में स्वीकृत गौठान में चारागाह निर्माण की स्थिति, गौठान प्रबंधन समिति गठन की जानकारी व गौठानों में पौधारोपण करने को कहा। कलेक्टर ने गौठान को आजीविका के ठौर एवं ग्रामीण औद्योगिक पार्क के रुप में विकसित करने के निर्देश दिए। इससे स्व-सहायता समूह में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे साथ ही साथ उनकी आमदनी में इजाफा भी होगा। समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि महिला समूह द्वारा मशाला यूनिट, आटाचक्की, चनामूर्रा, दोना पत्तल आईल मिल, मछली पालन, मूर्गी पालन, राईस मिल, आइल मिल, दाल प्रसंस्करण इकाई, पैकेजिंग मशीन आदि यूनिट स्थापित की गई है।

कलेक्टर शुक्ला ने समीक्षा बैठक में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत हितग्राही किसानों की क्रमवार भुगतान की जानकारी ली और पंचायत सचिव की उपलब्धता और कार्यों का समय सीमा में सम्पादन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा कार्यों का संचालन एवं समय पर मजदूरी भुगतान करने को कहा। वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट उत्पादन व बिक्री के संबंध में समीक्षा की तथा मांग के अनुसार उसका विक्रय करने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने गौठान में कार्यरत स्वसहायता समूह के महिलाओं के सुदृढ़ीकरण और कौशल विकास करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत उन्होने जिले में सार्वजनिक स्थानों में फेंके जा रहे कचरे को हटाने को कहा व ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना की कार्य योजना व प्रगति की समीक्षा की। चारागाह के लिए उप संचालक पशुधन विकास विभाग को नेपियर घास व बीज की आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होने चारागाह मे घास के लिए ज्वार एवं बाजरा उत्पादन करने के निर्देश दिए।

गौठान मे आवश्यक अभिलेख व बैलेंसशीट संधारण की स्थिति, गौठान निर्माण कुल स्वीकृत कार्य, प्रगतिरत, अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली। बाड़ी विकास, मछली पालन, स्वसहायता समूह के द्वारा आत्म निर्भर बनने की दिशा मे गौठान को आजीविका से जोड़ने के निर्देश दिए। ग्राम गौठान प्रबंधन समिति की सहभागिता एवं पशुओं के टीकाकरण की जानकारी ली। जिलाधीश ने अधिकारियों को रोका.छेका अभियान के तहत पशुओं को गौठानों में ले जाने और उनकी उचित व्यवस्था करने के शख्त निर्देश दिए। बैठक मे जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, उप संचालक कृषि महादेव मानकर, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जेएल ध्रुव, सहायक संचालक मछली पालन यवन कुमार डिण्डोरे, जिला सहकारी केन्दीय बैंक के नोडल अधिकारी आर केवारे मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, कृषि महाविद्यालय ढोलिया बेमेतरा के अधिष्ठाता डॉ. केपी वर्मा, सहायक संचालक उद्यान हितेन्द्र मेश्राम, अनुविभागीय कृषि अधिकारी आरके सोलंकी, जनपद पंचायत सीईओ बेमेतरा रवि कुमार, बेरला सीपी मनहर, साजा कुमारी कांति ध्रुव, नवागढ़ कु.प्रज्ञा यादव, पशुचिकित्सक डॉ. साधना कुर्रे, नगरीय निकाय के सीएमओ एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकरी सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### RSS से PFI की तुलना पर भड़की बीजेपी

# मंत्री की मांग- पटना के एसएसपी पर तुरंत एक्शन लें नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की पुलिस ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से संबंधों के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया था. पीएफआई से संबंध में गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मानवजीत सिंह ढिल्लो ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी. इस दौरान मानवजीत सिंह ढिल्लो कुछ ऐसा कह गए, जिसे लेकर सियासी हंगामा खड़ा हो गया है.



पटना एसएसपी ने कह दिया था कि जिस तरह से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी शाखाएं आयोजित कर लाठी का और शारीरिक प्रशिक्षण देता है. उसी तरह से पीएफआई के लोग भी शारीरिक प्रशिक्षण देकर ब्रेनवॉश कर रहे थे. पटना एसएसपी ने पीएफआई की संघ से तुलना कर दी तो बिहार के सत्ताधारी गठबंधन में बड़े दल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने मोर्चा खोल दिया.

नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में बीजेपी कोटे के मंत्री सम्राट चौधरी ने मानव जीत सिंह ढिल्लो के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि सरकार ऐसे बयान देने वाले अधिकारी को बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ये मांग की है कि पटना के एसएसपी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए और उनको पटना एसएसपी के पद से हटाया जाए.

सम्राट चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश को श्रेष्ठ बनाने का काम करता है. वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब लोकसभा सीट से सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी पटना के एसएसपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. रविशंकर प्रसाद ने पीएफआई की संघ से तुलना के लिए मानवजीत सिंह ढिल्लो की आलोचना की. रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि पटना के एसएसपी का बयान गैरजिम्मेदाराना और दुखद है. मैं इसकी निंदा करता हूं. उन्होंने साथ ही ये भी कहा कि उन्हें मानवजीत सिंह ढिल्लो के बयान से अधिक दर्द इसलिए हुआ, क्योंकि वे हमारे संसदीय क्षेत्र पटना के एसएसपी हैं. रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पीएफआई एक देशविरोधी आतंकी संगठन है जबकि संघ एक राष्ट्रवादी संगठन. रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हमने पुलिस हेडक्वार्टर को एसएसपी के बयान को लेकर उन्हें नोटिस जारी करने के लिए सूचना दे दी है. उन्होंने ये उम्मीद भी जताई कि पटना के एसएसपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की उम्मीद जताई।

### रेस में इन तीन नेताओं के नाम

## कौन होंगे श्रीलंका के नए राष्ट्रपति?



**आर्थिक** संकट से जूझ रहे श्रीलंका के अगले राष्ट्रपति कौन होंगे, ये चर्चा इन दिनों जोरों पर है. शीर्ष पद की रेस में छठी बार प्रधानमंत्री बने नेता, विपक्ष के मुख्य नेता और सत्ताधारी पार्टी के नेता जो पत्रकारिता से राजनीति में आए हैं का नाम सबसे आगे है. देश में जारी आंदोलन के बीच मौजूदा राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के भाग जाने के बाद नए राष्ट्रपति का चुनाव होना है. रॉयटर्स के अनुसार श्रीलंका के संसदीय अध्यक्ष राजपक्षे का आधिकारिक इस्तीफा मिलने के बाद विधायी निकाय बुलाएंगे और इसके 225 सदस्य अगले सप्ताह नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए मतदान करेंगे. जीतने वाले उम्मीदवार को संसद के भीतर एक साधारण बहुमत हासिल करना होगा. साथ ही उन सैकड़ों हजारों श्रीलंकाई लोगों का विश्वास भी हासिल करना होगा, जिन्होंने विरोध आंदोलन में भाग लिया है. राजनीतिक सूत्रों ने कहा कि रानिल विक्रमसिंघे, जिन्होंने मई में छठी बार प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला और उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है, शीर्ष पद के लिए उम्मीदवारों में शामिल हैं.

### उद्धव के एक और फैसले पर शिंदे ने लगाई रोक

## अभी नहीं बदलेगा औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम

**मुंबई।** एकनाथ शिंदे की सरकार ने अपनी पिछली कैबिनेट बैठक में उद्धव ठाकरे द्वारा लिए गए नाम को बदलने के फैसले पर रोक लगी दी है। इस्तीफा देने से पहले ठाकरे ने अपनी अंतिम कैबिनेट बैठक में औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर, उस्मानाबाद का धाराशिव और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम डीबी पाटिल के नाम पर रखने की घोषणा की थी। आपको बता दें कि राज्यपाल ने बहुमत परीक्षण को साबित करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक चिट्ठी लिखी थी। इस चिट्ठी में उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई थी। गवर्नर ने कहा था कि सरकार अल्पमत में है, ऐसे समय में आप लोकलुभावन निर्णय नहीं ले सकते हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी यही मुद्दा उस समय उठाया था। सूत्रों ने बताया कि तीनों का नाम बदलने का फैसला शिंदे सरकार नए सिरे से करेगी। उद्धव ठाकरे सरकार की आखिरी कैबिनेट बैठक सरकार गिरने से पहले 29 जून को हुई थी।

### विपक्ष को ओम बिरला की दो-टूक

## कोई शब्द प्रतिबंधित नहीं, सदस्य गरिमा का रखें ख्याल

**नई दिल्ली।** असंसदीय शब्दों के संकलन या शब्दकोष को लेकर उठे विवाद के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने साफ किया है कि कोई भी शब्द प्रतिबंधित नहीं है। यानी सूची में दिए गए शब्द भी सदस्य बोल सकते हैं, लेकिन इनका इस्तेमाल गलत संदर्भो में नहीं किया जाना चाहिए। अगर संदर्भ गलत होगा तभी उसे संसदीय कार्यवाही से हटाया जाएगा। वैसे यह अपेक्षित है कि सदस्य संसद की मर्यादा का पालन करें और आमजन में संसद की छवि ठीक करें। बिरला ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी शब्द को असंसदीय शब्दकोष में शामिल करने की व्यवस्था नई नहीं है। यह 1954 से अमल में है। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि असंसदीय शब्दकोष में किसी भी शब्द को शामिल करने की एक लंबी प्रक्रिया है। इनमें वही शब्द जोड़े जाते हैं जो पूर्व में संसद के दोनों सदनों या फिर राज्यों की विधानसभा और विधान परिषद में कार्यवाही से हटाए गए होते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए आदिवासी और कोयला चोर जैसे शब्दों का जिक्र किया और बताया कि इनमें से आदिवासी शब्द को छत्तीसगढ़ विधानसभा ने हटाया था क्योंकि कभी वह गलत संदर्भ में प्रयुक्त हुआ था।



# बालक विद्यालय प्रेमनगर में पालक सम्मेलन व एसएमडीसी की बैठक सम्पन्न

## बालक विद्यालय में नए सत्र के साथ पालक समिति का पुनर्गठन

जोहार छत्तीसगढ़- सूरजपुर।

प्रेमनगर नये सत्र के आगाज के साथ शास.उमा.वि. प्रेमनगर में पालक सम्मेलन एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का पुर्नगठन एवं बैठक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष शिवनारायण गुप्ता व नगर पंचायत उपाध्यक्ष आलोक साहू उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में एसएमडीसी



के अध्यक्ष शिवनारायण गुप्ता को पुन: सर्व सम्मति से मनोनयन किया गया तथा कुछ पालक सदस्य जिनके बच्चे संस्था से निकल चुके है उनके स्थान पर नए पालक सदस्यों का मनोनयन किया गया व शेष सदस्य समिति में पूर्वानुसार रखी गई। बता दें कि बालक उ.मा. विद्यालय प्रेमनगर में कक्षा सुचारू रूप से संचालित करने शुरुवात से हो तैयारी कर रहे हैं। जिसके लिए पालक समिति का पुनर्गठन के साथ एसएमडीसी की बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित पालकों, समिति सदस्यों व छात्र.प्रतिनिधि को स्कूल की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी विद्यालय प्राचार्य रामजी लहरे द्वारा दी गई। उपस्थित सदस्यों ने विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसमें निरन्तर कसावट लाते हुए बेहतर से बेहतर परिणाम लाने हेतु संकल्पित रहने का आहवान किया।

छात्र प्रतिनिधियों ने विद्यालय की मूलभूत समस्याओं पर सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर नपं पाध्यक्ष आलोक साहू ने टॉयलेट निर्माण, बैंच डेस्क की आपूर्ति एवं निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया साथ ही स्वयं के मद से खिलाड़ी छात्रों को स्पोर्टस ड्रेस उपलब्ध कराने की घोषणा की। बैठक पश्चात समिति सदस्यो ने छात्रों के साथ खेल.कूद व संध्या कालीन प्रार्थना में सम्मिलित होकर बच्चों को नियमित स्कूल आने, मोबाइल न लाने, नशा पान से दूर रहने, सड़क नियमों का पालन करने, विद्यालय के नियमों. अनुशासन का पालन करने, गुरु जनों व बड़ों का सम्मान करने का आहवान किया। इस बैठक में एसएमडीसी अध्यक्ष शिव नारायण गुप्ता, नपं उपाध्यक्ष आलोक साहू, आई अंसारी एन आर सिंह, स्टॉप में विपिन पाण्डेय, पूरन सिंह, बिंदिया साहू,ज्योति साव, नीता रजक, शांति कोर्राम, ललित रात्रे, अशोक दुबे, विनय कुमार, विराज खलखो, संदीप एक्का, पीताम्बर सिंह, रमेश साहू, विनोद रावत, घुरन राम, सुरेश साहू, पालक में गणेश प्रसाद, सुखसाय, हरिनंदन, पटेल राम व निशा सिंह, छात्र प्रतिनिधि शाला नायक विभांशु दुबे, कक्षा नायक शुभम जायसवाल,राहुल जांगड़े, राकेश कुमार, प्रियांशु साह, प्रेमानंद साहू, हृदयनारायण तिवारी व विद्यालय स्टॉप उपस्थित थे।

## यूजर चार्ज वसूली करने शुरू कराया जाएगा- 'मैं भी जिम्मेदार नागरिक'अभियान - विनय कुमार

### योजना अनुरूप यूजर चार्ज वसूलने का आयुक्त ने दिया निर्देश

**धमतरी** । धमतरी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता दीदियो द्वारा शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जाता है, लेकिन नागरिकों द्वारा कचरा कलेक्शन का यूजर चार्ज नहीं दिया जा रहा है। निगम इसे लेकर अब मैं भी जिम्मेदार नागरिक के तहत यूजर चार्ज वसूलेगी।

गुरुवार को धमतरी नगर निगम के आयुक्त विनय कुमार ने उपाभियनता कमाता नागेंद्र,मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा के साथ मणिकांचन केंद्र सुपरवाइजर की बैठक लेकर योजनाबद्ध तरीके से शहर के नागरिकों को मजबूत भागीदारी को लेकर मैं भी जिम्मेदार नागरिक अभियान' शुरुआत करके यूजर चार्ज वसूलने का अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके तहत निगम के कर्मचारी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए हर माह यूजर चार्ज लेकर रसीद देंगे।

समीक्षा के दौरान पता चला कि वर्तमान में यूजर चार्ज की वसूली काफी कम है। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए है कि आवासीय कॉलोनियों होटल,सिनेमाघरों, विवाह भवन, माल, व्यावसायिक कॉन्प्लेक्स नगर निगम धमतरी को बकाया राशि सहित संपूर्ण यूजर चार्ज के शुल्क की अदायगी नहीं करेंगे तो उनके यहां से नगर निगम धमतरी द्वारा वेस्टेज नहीं लिया जाएगा। तथा उनके द्वारा कचरा इधर उधर फेकने पर जुर्माना भी किया जाएगा।

## जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त प्रिकॉशन डोज लगना शुरू

### * नगरपालिका अध्यक्ष ने लगवाया बूस्टर डोज * लोगों से बूस्टर डोज लगवाने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

कोरोना को जड़ से खत्म करने के लिए जिले के सभी सरकारी केन्द्रों में 75 दिनों तक नि:शुल्क कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज लगाना आज से शुरू हो गया है। नगरपालिका अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर और कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नयापारा पहुंचकर वैक्सीन बूस्टर डोज लगाने शुभारम्भ किया। नगरपालिका अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर ने बूस्टर डोज लगवाई। वहीं जनसम्पर्क अधिकारी शशिरत्न पाराशर ने भी बूस्टर डोज की खुराक ली। बूस्टर डोज लगाने आए हितग्राहियों को कोविड.19 वैक्सीनेशन सर्टिफि केट सौंपा। नगरपालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि कोरोना बीमारी से बचने



का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन है। जिन लोगों ने प्रिकॉशन डोज नहीं लगवाया है वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जल्द से जल्द लगवा लें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस. आलोक मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कोरोना से लोगों की सुरक्षा को देखते हुए सरकार द्वारा सभी वयस्कों को तहतियाती खुराक यानि बूस्टर डोज नि:शुल्क लगायी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज से 75 दिनों तक जिले के सभी वयस्क मुफ्त कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। यह वैक्सीन देश भर में सरकारी केन्द्रों पर मुफ्त में लगाई जा रही है। उन्होंने पात्रधारियों से अपील की है कि बूस्टर डोज अवश्य लगवाएं। स्वयं और अपने परिवार को कोरोना महामारी से सुरक्षित रखें। इस मौके पर कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन भी किया। उपचार कराने और बूस्टर डोज लगाने आए लोगों से बातचीत की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे ने बताया कि आज से 18 से 59 वर्ष के लोगों को कोरोना का बूस्टर डोज 75 दिनों तक नि:शुल्क लगाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारी पहले से ही पूरी कर ली गई थी। जिले में लगभग 7,83,000 पात्रधारियों को लगाया जाना है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविन्द गुप्ता ने बताया कि बूस्टर डोज 60 साल से अधिक और 18 प्लस हेल्थ और फ्रंट लाइन वर्कर को ही मुफ्त में प्रिकॉशन डोज लगाई जा रही थी। लेकिन आज से जिले के 200 से अधिक सेंटरों में 18 प्लस कैटेगरी के लोगों को प्रिकॉशन डोज लगायी जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन्हें कोरोना का टीका का दूसरा डोज छ: माह पहले लग चुका है और छ: माह का अंतराल पूरा कर लिया है वे डोज लगवा सकते है। यह 75 दिन तक जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर फ्री में लगाई जाएगी। शुभारम्भ कार्यक्रम में वार्ड पार्षद पति महेंद्र सिक्का, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित कुमार वर्मा एवं आर एमएनसीएच, सलाहकार डॉ मुकुंद राव उपस्थित थे।

## पुलमपाड़ के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला खोलने की लगाई गुहार

### दो बार जिला प्रशासन को भी कराया था अवगत

जोहार छत्तीसगढ़- सुकमा।

गुरुवार को जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर अंदरूनी ग्राम पंचायत मिलम पल्ली के आश्रित ग्राम पुलमपाड़ के ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंच जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी से मिलकर गांव मे प्राथमिक विद्यालय खोलने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने मांग की है कि उनके गांव मे 10 वर्ष से कम आयु के कुल 139 बच्चे हैं जो की स्कूल नही होने की वजह से शिक्षा से वंचित है। गांव के



शिक्षित युवको ने गांव के शिक्षा से वंचित बच्चों की सर्वे रिपोर्ट भी जिला अध्यक्ष को सौंपी है। और बच्चों के भविष्य को मध्य नजर रखते हुए प्राथमिक विद्यालय खोलने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व भी उन्होंने दो बार जिला प्रशासन को इस विषय से अवगत कराया था परन्तु आज तक इस हेतु कोई कदम नहीं उठाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व मंत्री कवासी लखमा के प्रयासों से अंदरूनी क्षेत्र में स्कूलें खोली जा रही है।अब पुलमपाड़ से ग्रामीण स्कूल खोलने की मांग को लेकर आए हैं। इनकी समस्या का जल्द से जल्द निवारण किया जाएगा।

## तहसील न्यायालय की कार्य प्रणाली को रखें दुरुस्त

**जगदलपुर** । तहसील कार्यालय जगदलपुर में आज कलेक्टर चंदन कुमार ने औचक निरीक्षण किया और न्यायालय में दर्ज प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने न्यायालय तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कुरंदी शाखा का अवलोकन किया और समस्त दर्ज प्रकरणों के निराकरण की प्रगति का संज्ञान लिया। इस दौरान उन्होंने नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र, डायवर्सन, आरबीसी 6-4 सहित अन्य प्रकरणों के दस्तावेजों की जांच की और संबंधित अधिकारी को निराकरण में अनावश्यक विलंब नहीं करने के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण आदि प्रकरणों के लिए ग्राम पंचायत एवं पटवारी द्वारा प्रतिवेदन के आधार पर राजस्व निरीक्षक, पटवारी को मौका निरीक्षण कर प्रकरणों का निराकरण करने कहा। उन्होंने दर्ज प्रकरण के विरुद्ध प्रगति और लंबित प्रकरण की गहन जांच की। उन्होंने न्यायालय तहसीलदार में दर्ज मुकदमों की प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए कार्य प्रणाली को दुरुस्त करने की आवश्यकता बताई।

## एक नजर

### जिले के दो गौठानों में गौमूत्र की खरीदी 20 जुलाई से,पशुपालकों को होगा फायदा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



गौ पालकों को गोबर के साथ अब गौ-मूत्र भी आय का जरिया होगा। 20 जुलाई से महासमुंद जिले की दो गौठानों बम्हनी और बड़गांव से इसकी शुरूआत होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.आलोक ने बताया कि अभी हाल दो गौठानों में गौमूत्र की खरीदी 20 जुलाई से की जाएगी। इसके लिए सभी जरूरी तैयारी और संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पशुपालकों को काफ ी फायदा होगा। पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में लगभग 16 हजार से ज्यादा गौठानों में मवेशी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि बिरकोनी में 1384 गौवंशी और बड़गांव में 983 पशु हैं। उन्होंने बताया कि गौमूत्र में पाए जाने वाला यूरिया बहुत से कीटों और बीमारियों को नियंत्रित करता है। गौमूत्र गौठान समिति के जरिए खरीदा जाएगा। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार गौमूत्र में बॉयो फर्टिलाइजर और बॉयो इंसेक्टिसाइड तैयार किए जाते है। गौमूत्र में यूरिया सहित अनेक मिनरल और एन्जाइम्स भी होते है। फर्टिलाइजर के रूप में गौमूत्र इस्तेमाल से पौधों की ऊंचाई और जड़ में अच्छी वृद्धि होती है। मिट्टी में भी लाभकारी जीवाणु में वृद्धि होती है। गौमूत्र का इस्तेमाल जैविक कीटनाशक बनाने में किया जाएगा। राज्य में कई जगहों पर जैव कीटनाशक पहले से बनाए जा रहें हैं। लेकिन अब इसे संगठित रूप दिया जा रहा है। गौमूत्र की खरीदी से पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिति भी और बेहतर होगी। पशुपालकों को इससे फायदा होगा। सरकार के इस कदम से गाय की बेहतर सुरक्षा होगी। पशुपालकों की भी आय बढ़ेगी।

### भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ओंकारेश्वर के दर्शन किए

**नगरी** । भाजपा महिला मोर्चा नगरी मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा एवं पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह के नेतृत्व में ओंकारेश्वर के दर्शन के लिए पहुंचे। यहां पहुंच कर शाह एवं महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सिहावा विधानसभा छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं भारत देश सहित विश्व के कल्याण के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना एवं पूजा अर्चना किए।इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की वरिष्ठ प्रतिमा देवांगन, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, रामेश्वरी साहू, अमिता दुबे,जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम,नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला,महिला मोर्चा की जिला महामंत्री हेमलता यादव,मंडल अध्यक्ष सुलोचना साहू महिला मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरजौतिन साहू, तेजस्विनी साहू,मंडल के महामंत्री हेमलता साहू,पार्षद विनीता कोठारी,भाजपा मंडल की मंत्री चेलेश्वरी साहू,मंडल के पूर्व महामंत्री श्यामा भट्ट, यशोदा साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुश्री सत्यवती नेताम, बबिता साहू समस्त महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने दर्शन किए।

### नेशनल लोक अदालत 13 अगस्त को: तैयारियों के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन

**कोरबा** । नालसा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 13 अगस्त 2022 को नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन किए जाने के संबंध में आज जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा डी.एल. कटकवार, के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में आज नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले एन.आई. एक्ट 138 के मामले के संबंधी में बैंक एवं फायनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधकों एवं अधिवक्ताओं की बैठक् आयोजित हुई। बैठक में कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट कोरबा ने अध्यक्षता की। बैठक में प्रतिक्षा अग्रवाल, प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक, कोरबा, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग -एक कोरबा हरीश चंद्र मिश्र, बृजेश राय एवं मति शीतल निकुंज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा शामिल हुए।

## खनिज निरीक्षक ने जानबूझ कर आरोपी को बचाव करते हुए असत्य जांच प्रतिवेदन को निरस्त करने के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र- किसान नेता अशवन्त तुषार साहू

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम अछोली पहनं 31 रानिम एवं तहसील जिला महासमुंद के खन 782, 796, 794, 792, 795/2 2353, कुल 1.00हे मेंसर्स आरकन्स डीडी बिल्डर्स जिला रायपुर को पत्थर उत्खनन एवं यांत्रिक क्रिया कर गिट्टी निर्माण के लिए प्रदत्त अस्थाई अनुज्ञा की अवधि 02 मार्च 22 को समाप्त होने के उपरांत भी पत्थर खनन एंव गिट्टी निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत पर खनिज निरीक्षक महासमुंद 10 मार्च 22 को ग्राम अछोली पहुंचकर पंचनामा तैयार कर जांच प्रतिवेदन दिनांक 14 मार्च 22 को प्रस्तुत किया गया है खनिज निरीक्षण के द्वारा जानबूझ कर आरोपी का बचाव करते हुए असत्य जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। जांच कार्यवाही के नियमानुसार शिकायतकर्ता तो सूचित किए बगैर 14 मार्च 22 को मौके जांच





किया गया। जांच कार्यवाही के नियमानुसार खनिज निरीक्षक के द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचों को सूचित किए बगैर जांच करवाई किया गया। खनिज निरीक्षक के द्वारा प्रतिवेदन में संलग्न पंचनामा में ग्राम पंचायत अछोली के किसी व्यक्ति का नाम उल्लेख नहीं किया गया है जिससे प्रमाणित होता है कि असत्य पंचनामा बनाया गया है। खनिज निरीक्षक प्रतिवेदन के उपरांत लगातार अवैध खनन एवं गिट्टी निर्माण जारी है जिसका फ ोटो संलग्न है। कलेक्टर से प्रार्थना है कि खनिज निरीक्षक महासमुंद के असत्य प्रतिवेदन को निरस्त कर अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं पुन: जांच कार्यवाही करने का आदेश करें।

## राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

### जिले के 30115 पात्र परिवार इस योजना से जुड़े, हितग्राहियों के खातों में सीधे आ रही किस्त की राशि

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत जिले के 30115 पात्र परिवार इस योजना से जुड़ रहे हैं। उन्हें सलाना 7000 रुपए की राशि मिल रही है। इन परिवारों के खातों में पहली एवं दूसरे किस्त की दो.दो हजार रुपए की राशि प्राप्त हो गई है। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने विगत माह किस्त राशि की जानकारी वीडियो कॉलिंग फोन के जरिए महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बम्हनी, सिरपुर और अछोली के हितग्राहियों से बातचीत कर ली थी। उन्होंने अछोली के हितग्राही नयनदास सतनामी और ग्राम बिरकोनी के टेकसिंह ध्रुव से वीडियो कॉलिंग के जरिए अलग-अलग बात की और योजना की पहली किस्त की राशि के बारे में भी जानकारी ली। दोनों हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें इस योजना के तहत किस्त की राशि उनके बैंक खाते में आ गए है।



आज हितग्राही टेकसिंह ध्रुव से बात की तो उन्होंने बताया कि उनके बैंक खाते में दूसरी किस्त भी आ चुकी है। इसी प्रकार कलेक्टर क्षीरसागर ने ग्राम सिरपुर की शांताबाई धीवर से मोबाईल कॉल के जरिए योजना के किस्त के बारे में जानकारी ली थी। उन्होंने भी बताया कि योजना की राशि 2000 रुपए मिल गई है। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों को बधाई दी और कहा कि वे जानना चाहते थे कि योजना की राशि उनके खाते में पहुंची है कि नहीं। हितग्राहियों ने इस योजना के बारे में पूछने पर बताया कि हम जैसे गरीब मजदूर के लिए यह योजना बहुत अच्छी है। कलेक्टर ने उनसे कामकाज की भी जानकारी ली थी। हितग्राहियों द्वारा बताया गया कि वे गांव में मजदूरी कर गुजारा करते हैं। तब कलेक्टर ने उन्हें श्रम कल्याण विभाग योजना के तहत भी पंजीयन कराने को कहा। राज्य शासन द्वारा जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने की जो पहल की है उसमें राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के नाम से एक नया अध्याय जुड़ गया है। इस योजना के तहत जिले में 30115 हितग्राहियों को योजना की द्वितीय किस्त की राशि 2000 रुपए सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच गई है। इस योजना के लिए पंजीयन की शुरूआत 1 सितम्बर 2020 से हुई थी। पहले इस योजना से प्रत्येक परिवार के लिए 6000 रुपए प्रतिवर्ष अनुदान राशि दी जानी थी जिसे बढ़ाकर अब 7000 रुपए कर दिया गया है। योजना की शुरुआत से जिले की ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदन प्राप्त किए गए थे। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में निर्धारित तिथि तक ज़िले में 43245 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें प्रारंभिक रूप से 30115 आवेदन पात्र पाए गए। योजना के सुचारु रूप से क्रियान्वयन हेतु निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्राप्त करने से लेकर सभी कार्य संपादित किए गए। जनपद स्तर पर सभी प्राप्त आवेदनों के पंजीयन का कार्य किया गया। इसके अलावा आवेदन का परीक्षण क्षेत्र के तहसीलदार के माध्यम से किया गया। पात्र हितग्राहियों को वार्षिक आधार पर आर्थिक अनुदान सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। यह सहायता 7000 रुपया सालाना है जो कि सीधे लाभार्थी के खाते में जमा होगी। योजना से मिली आर्थिक सहायता के जरिए हितग्राही के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण नागरिक जिनके पास कृषि भूमि नहीं है एवं जो चरवाहा, बड़ाई, लोहार, मोची, नाई, धोबी और पुरोहित जैसी पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े हैं और पात्र की है उनको इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। परिवार के सदस्यों में भूमिहीन कृषि मजदूर की पत्नी या पति, संतान तथा उन पर आश्रित माता-पिता शामिल है। यदि परिवार के मुखिया के माता पिता के नाम कोई भी कृषि भूमि उपलब्ध है एवं उस परिवार के मुखिया का उत्तराधिकार हक है तो वह राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का लाभ प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा। इसके अलावा आवासीय प्रयोजन हेतु प्राप्त भूमि कृषि भूमि नहीं मानी जाएगी।

# दल बल के साथ राहत कार्य में जुटा प्रशासन

## कोंटा के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा। गोदावरी नदी के उफान पर होने के कारण कोंटा नगर के नदी किनारे और डुबान क्षेत्रों में जलभराव से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न है।



कोंटा में बनाए गए 9 राहत केंद्र



लोगों को कोई हताहत ना हो, साथ ही उनके घरेलू संपत्ति को अधिक नुकसान न हो, इसके लिए प्रशासन पूरे दल बल के साथ मौके पर तैनात है। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार एसडीएम कोंटा बनसिंह नेताम और जनपद सीईओ कोंटा कैलाश कश्यप अपनी पूरी टीम के साथ बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्य में जुटे हुए है। सीईओ जनपद कोंटा कश्यप ने बताया कि अब तक लगभग 3000 लोगों को राहत केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाया जा चुका है। कोंटा में आए बाढ़ के दृष्टिगत 9 राहत केंद्र बनाए गए है। जहां लोगों को सुरक्षित लाया जा रहा है। आईटीआई कोंटा, स्वामी आत्मानंद स्कूल, चैतन्य स्कूल, हाई स्कूल कोंटा, शिशु मंदिर कोंटा, महाविद्यालय भवन कोंटा, पंचायत भवन ढोंडरा, वन धन केंद्र ढोंडरा तथा पोटकेबीन बंडा को राहत केंद्र बनाया गया है। प्रशासन एवं पुलिस विभाग तथा नगर सेनानी के संयुक्त टीम के द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों की नियमित मॉनिटरिंग एवं राहत कार्य किया जा रहा है। ताकि कोंटावासियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

## अनुसूचित क्षेत्र के निवासियों को मिले उनके हक का लाभ - धावड़े

### कमिश्नर ने दंतेवाड़ा के अनुसूचित जनजाति समाज प्रमुखों से किया संवाद

**जगदलपुर** । कमिश्नर श्याम धावड़े ने कहा कि बस्तर संभाग अनुसूचित क्षेत्र है यहाँ के निवासियों को शासन के सभी योजनाओं का लेने का संवैधानिक अधिकार है। समाज प्रमुख ग्रामसभा के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र के लिए शासन द्वारा किए सरलीकरण से प्रकरणों का निराकरण करवाने में सहयोग करें। उक्त बातें कमिश्नर ने दंतेवाड़ा के जिला कार्यालय में आयोजित अनुसूचित जनजाति के समाज प्रमुख से संवाद के अवसर पर कही। बैठक में कमिश्नर ने दंतेवाड़ा कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा समाज प्रमुखों से सीधे संवाद के लिए बनाए व्हाटसअप ग्रूप की सराहना किए। उन्होने कहा कि इस ग्रूप के माध्यम से समाज प्रमुख जिले के समस्याओं के सम्बंध में सीधे कलेक्टर के संज्ञान में ला सकते है। बैठक में मुख्यमंत्री के भेंट-मुलाक़ात के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण और घोषणाओं का क्रियान्वयन के साथ-साथ सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र के निर्माण-वितरण तथा त्रुटिसुधार के कार्य,वनाधिकार मान्यता पत्र प्राप्त हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ देने और देवगुडी-मातागुडी के विकास के सम्बंध में कमिश्नर धावड़े ने समाज प्रमुखों से चर्चा किए। दंतेवाड़ा जिले के गोंड, कोया,हल्बा, कंवर, उराँव, दोरला और ध्रुवा समाज के प्रतिनिधी बैठक में उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर विनीत नंदनवार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आकाश छीकारा, वनमंडलाधिकारी संदीप बलगा,अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त संचालक कृषि ध्रुव, डिप्टी कमिश्नर मती माधुरी सोम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कृषि महाविद्यालय, बेमेतरा में रेवे कार्यक्रम की शुरूवात

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा में शुक्रवार को बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को रेवे के आयोजन की शुरूवात की गई। इस विषय के अंतर्गत कृषि विषय के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं करे चुने गए गांव में जाकर, कृषकों के साथ मिलकर उनसे कृषि क्रियाकलापों को सिखना एवं नई-नई तकनीकों को कृषकों को बताना आयोजित है। इस विषय के अंतर्गत कृषि छात्र-छात्राएं गांव में जाकर वहां आगामी 5 महिने तक किसानों से अपने अनुभव, कार्य एवं तकनीक साझा करेंगे। इस कार्य के लिए कृषि महाविद्यालय के समीपस्थ गांव ढोलिया को चुना गया है जिसमें चतुर्थ वर्ष के 54 छात्र-छात्राएं पूरे सेमेस्टर भर विभिन्न विषयों की तकनीकी कार्य साझा करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एमपी ठाकुर द्वारा की गई। उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को रेवे विषय के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कृषि महाविद्यालयों में रेवे और एआई, विषय की शुरूवात की गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस विषय के लाभ के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। कृषि महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ.केपी वर्मा द्वारा इस विषय को करके सिखने एवं इस विषय को प्रायोगिक रूप से करने के लाभ बताये गये ताकि विद्यार्थी कृषि क्षेत्र पर कार्य के आधार पर सिखने का अनुभव प्राप्त करें। इस रेवे और एआई, विषय में विभिन्न विषयों जैसे किट एवं बीमारियों का नियंत्रण, कृषण कार्य, कृषकों से तकनीकी प्रसार एवं कृषि संबंधित अन्य विषयों के अंतर्गत कार्य किये जायेंगे। छात्र-छात्राओं को कृषि विज्ञान केन्द्र से जोड़ा गया है जहां वे तकनीकी जानकारी प्राप्त करेंगे एवं कृषि आधारित उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षेत्र का भ्रमण भी इस विषय के अंतर्गत कराया जायेगा। इस विषय के प्रभारी डॉ. असित कुमार एवं संजीव मलैया द्वारा छात्र-छात्राओं को रेवे विषय के नियम एवं क्रियाकलापों को विस्तार से बताया गया इस आयोजन में कृषि महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण डॉ. टीडी साहू.डॉ.यू.के.ध्रुव.डॉ. भारती बघेल, डॉ. प्रीति पैंकरा, डॉ. प्रफुल्ल कुमार, डॉ. सरिता शर्मा के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम सुखाताल में नि:शुल्क स्वास्थ शिविर आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिला बेमेतरा में आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम सुखाताल में आज शुक्रवार को नि:शुल्क स्वास्थ शिविर एवं नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उक्त ग्राम के ग्रामीणों को स्वास्थ परीक्षण का लाभ स्वास्थ विभाग की सहयोग से प्रदान किया गया। साथ ही आदिवासी विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों को मास्क, सेनिटाईजर, ओआरएस ग्लुकोज पाऊडर का वितरण किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के तत्वाधान में स्वास्थ शिविर अतंर्गत संबंधित ग्राम के मितानिनों को हेल्थ किट, शुगर जांच मशीन, बीपी मशीन, एसपीओटू मॉनिटर, सेनिटाईजर, मास्क, ओआरएस एवं शास प्राथमिक शाला सुखाताल के शिक्षकों को इंफ्रारेड, थर्मामीटर, वौपोराईजर, मास्क, सेनिटाईजर ओआरएस ग्लुकोज पाऊडर इत्यादि प्रदाय किया गया। उक्त शिविर में स्वास्थ विभाग की ओर से डोमन लाल यादव, सुश्री जागृति पटेल, जनपद पंचायत बेमेतरा से अमित कुमार साहू एवं आदिवासी विकास विभाग से कमलेश कुमार साहूए देवेन्द्र सिंह परमार उपस्थित थे।

## छग शासन के पुनर्वास नीति तथा जिला पुलिस सुकमा द्वारा चलाये जा रहे पूना नम

### अभियान नई सुबह नई शुरूआत से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा जिले के थाना चिंतलनार क्षेत्र में सक्रिय 1 नक्सली के द्वारा किया गया आत्मसमर्पण छग शासन के पुनर्वास नीति तथा जिला पुलिस सुकमा द्वारा चलाये जा रहे पूना नम अभियान नई सुबह नई शुरूआत से प्रभावित होकर किया गया आत्मसमर्पण। आत्मसमर्पित नक्सली चिंतलनार क्षेत्र का है निवासी। नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने में 201 वाहिनी कोबरा व थाना चिंतलनार स्टाफ का विशेष प्रयास रहा। सुकमा जिले में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सली संगठन में सक्रिय 01 डीएकेएमएस सदस्य माड़वी कोसा साकिन थाना चिंतलनार क्षेत्र के द्वारा आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़कर सामान्य जीवन व्यतीत करने की इच्छा व्यक्त किया गया। जिसे शुक्रवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में 201 वाहिनी कोबरा के सहायक कमांडेंट स्वप्नील पवार एवं एसडीओपी सुकमा परमेश्वर तिलकवार के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कराया गया।

## छग प्री. एमसीए में पहला रैंक हासिल कर विकास पटेल ने किया राज्य व जिला का नाम रौशन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिला अंतर्गत थानखम्हरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम पदमी निवासी विकास पटेल जो को पिता दिलीप पटेल एवं माता नर्मदा पटेल का सुपुत्र है। उन्होंने वर्तमान सत्र में छत्तीसगढ़ प्री.एमसी, में पहला रैंक तथा आल इंडिया सेगमेंट में 73वां रैंक हासिल कर छत्तीसगढ़ राज्य व बेमेतरा जिला का नाम रौशन किया। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ प्री. एमसीए में पहला रैंक वा आल इंडिया सेगमेंट दपउबमज में 73 वा रैंक लाकर साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पदमी का किसान पुत्र विकास पटेल पिता दिलीप पटेल माता नर्मदा पटेल ने ग्राम वा जिला का गौरव बढ़ाया। जिसमे रैंक के आधार पर एनआईटी चीरू चिल्लापल्ली में एमसीए प्रोग्रामर के लिय चयन हुआ। वही विकास के सफलता के पीछे माता पिता मामा सूर्य प्रकाश पटेल विजय पटेल सरपंच वा अध्यक्ष ब्लॉक सरपंच संघ साजा का विशेष योगदान रहा, विकास का सफ लता का पता चलते ही परिजन मित्रगण शुभचिंतकों द्वारा मिठाई बांट कर वा फ टाके फ ोड़कर तो अनेक लोगों ने सोशल मीडिया से बधाई देने का सिलसिला प्रारंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। विजय पटेल ने अपने भांजा का सफ लता का राज उनका कठिन परिश्रम वा लगन को देते हुए कहा की विकास प्रारंभ से ही होनहार था और पढ़ाई के साथ किसानी कार्य में कठिन परिश्रम करता था एलगन और लक्ष्य लेकर चलने वाले को सफ लता जरूर मिलती है।

## सदस्यता अभियान छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर महासमुंद के समस्त कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार 2022 से 27 संगठन चुनाव के संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी जयकरण वर्मा के आतिथ्य में जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर के द्वारा बैठक आहूत की गई।



जिसमें खल्लारी विधानसभा के विधायक एवं संसदीय सचिव द्वारकाधीश यादव एवं सराईपाली विधायक किस्मत लाल नंद व पूर्व विधायक मकसूदन लाल चंद्राकर के विशेष उपस्थिति में तेरह ब्लॉक अध्यक्षों के साथ साथ ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी एवं महासमुंद जिला के वरिष्ठ कांग्रेसीजन तथा सेक्टर,जोन,बूथ के पदाधिकारीगण उपस्थित हुए संगठन के चुनाव की प्रक्रिया के संदर्भ में गहन विचार विमर्श हुआ। जिसमें अध्यक्षीय भाषण डॉग्रश्मि चंद्राकर ने दी तथा महासमुंद के चारों विधानसभा में होने वाले चुनावी गतिविधियों एवं संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया गया पूरे महासमुंद जिला में सदस्यता अभियान में छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर समस्त कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित की एवं महासमुंद के कार्यकर्ताओं के द्वारा हर गतिविधियों में जो कार्य किया जाता है जिसके कारण आज छत्तीसगढ़ में महासमुंद की एक अलग पहचान बन चुकी है उसके लिए भी आभार व्यक्त करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित की। विधायक द्वारकाधीश यादव द्वारा अपने उद्बोधन में कहा की कार्यकर्ता से ही संगठन वा पार्टी का शक्ति होता है जिसके कारण कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी अपने कार्यकर्ताओं के समक्ष पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करता है विधायक किस्मत लाल नंद ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही तोड़ मेहनत का बखान करते हुए कहा कि अगली बार कहीं ऐसा ना हो की विपक्षी पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य में शून्य में पहुंच जाए। अंत में जिला निर्वाचन अधिकारी जयकरण वर्मा जी ने संगठन चुनाव के महत्व एवं संगठन के द्वारा किस तरीके से कार्य किया जाना है उसकी जानकारी ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी तथा अध्यक्षों के साथ साथ कांग्रेस भवन में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को बताया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक कार्यकर्ताओं का संगठन है जिसने गुलाम भारत देश को आजाद कराने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया तब कहीं जाकर यह स्वतंत्रता हमें मिला है।

कुछ विपक्षी पार्टियों द्वारा जो देश की आजादी में अपनी उंगली भी नहीं कटाई वह आज राष्ट्र भक्ति की बात करने लगे हैं जो अंग्रेजों के साथ मिलकर देश को गुलाम बनाये रखने में लगे हुए थे। वे आज फ कश्यप,संतोष पटेल,जितेंद्र सीदार, बलराम भोई इन सभी अध्यक्ष गणों के द्वारा उपस्थित चुनाव प्रभारियों से उचित मार्गदर्शन प्राप्त किए तथा 15 जुलाई सरायपाली विधानसभा,16 बसना विधानसभा,17 जुलाई बागबाहरा कोमाखान पिथौरा एवं 19 जुलाई महासमुंद पटेवा ने संगठन चुनावी कार्यक्रम आयोजन किया गया है।

## एक नजर

### रामवन गमन पथ अन्तर्गत कार्यों का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



कलेक्टर हरिस.एस ने रामाराम स्थित रामाराम मंदिर और रामवन गमन पथ के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क, तालाब, समतलीकरण, मंदिर में ग्रेनाईट कार्य, गुफा में सीढ़ी निर्माण आदि विभिन्न कार्यों के संबंध में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सुकमा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दोरनापाल, कुकानार, तोंगपाल के लिए विद्यालय संचालन प्रबंधन समिति द्वारा प्रत्येक विद्यालय के लिए शैक्षिक व गैर शैक्षिक पदों के अन्तर्गत शिक्षक अंग्रेजी माध्यम, कम्प्यूटर शिक्षक अंग्रेजी माध्यम, सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम, ग्रंथपाल,भृत्य एवं चौकीदार के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित की गई हैं। आवेदक 25 जुलाई तक पंजीकृत स्पीड पोस्टए रजिस्टर्ड डाक से या स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

### ट्राईसाइकिल पाकर खिले गुड्डी पोडियामी के चेहरे

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा ट्राई साइकिल की सौगात मिलने पर गुड्डी पोडियामी के चेहरे खुशी से खिल गए। वहीं बालमति नाग ने व्हील चेयर मिलने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर हरिश एस द्वारा गुड्डी पोडियामी को ट्राई साइकिल और बालमति नाग को व्हील चेयर प्रदान किया गया। ट्राई साइकिल और व्हील चेयर मिलने पर दिव्यांगों ने इस सौगात के लिए शासन-प्रशासन का आभार जताया। सोड़ीपारा सुकमा निवासी गुड्डी पोडियामी जन्म से पोलियो ग्रसित है। इसके बावजूद भी वे खेती कार्यों में अपना सहायोग देते हैं। विगत कुछ दिनों से शारीरिक अक्षमता एवं पैरों में दर्द बढ़ने के कारण उन्हें आने जाने में असुविधा हो रही थी। ट्राई साइकिल मिलने के बाद गुड्डी पोडियामी खेती के अलावा अपना स्वयं का व्यापार करना चाहते हैं। ताकि वे अपने परिवार का खर्चों का वहन पूरी तरह कर सके। गुड्डी पोडियामी ने बताया कि पहले मुझे लगता था कि ट्राई साइकिल अपने पैसे से खरीदना पड़ेगा। इसलिए मैं ट्राईसाइकिल के लिए कोशिश नहीं कर रहा था। फिर एक दिन मुझे जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सुकमा के क्षेत्र समन्वयक रवि माड़वी ने बताया कि आपको दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की ओर से बिना खर्च किए ट्राइ साइकिल मिल जाएगा तब मुझे बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि जिस दिन ट्राई साइकिल देने की बात बताई गई थी आज उसी दिन ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। इसके लिए भी बहुत खुशी है कि मुझे इधर-उधर भटकना नहीं पड़ा। वहीं बिरसठपाल निवासी बालमति नाग लकवा की शिकार हो गई थी। वे अपने दैनिक क्रियाकलापों को करने में असमर्थ हो गई थी। उन्हें दैनिक दिनचर्या एवं आने जाने की सुविधा के लिए व्हीलचेयर प्रदान किया गया।

### भाजपा के पैदल मार्च में धमतरी विधायक शामिल हुई

**धमतरी** । अकलतरा में महिला से दुष्कर्म कर हत्या के विरोध में एवं प्रदेश में निरंकुश बेलगाम कानून व्यवस्था के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के द्वारा रायपुर एकात्म परिसर से राजभवन तक पैदल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें धमतरी विधायक रंजना डीपेंद्र साहू विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ हल्ला बोला।

### जिले में 343.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 15 जुलाई तक 343.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 52 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 417.6 मिली मीटर, पुसौर में 487.6, खरसिया में 320.3, सारंगढ़ में 525, बरमकेला में 362.5, घरघोड़ा में 275, तमनार में 399.7, लैलूंगा में 275.2, धरमजयगढ़ में 200.9, सरिया 250 एवं छाल तहसील में 269 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### महिला नसबंदी हेतु निर्धारित प्रकरण से अधिक प्रकरण भेजने पर संबंधित को नोटिस जारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला नसबंदी हेतु प्रतिदिन अधिकतम 20 हितग्राही भेजने हेतु विकासखण्डों को निर्देशित किया गया है। विगत दिवस 14 जुलाई को विकासखण्ड फरसाबहार के द्वारा निर्धारित कोटे से अधिक प्रकरण महिला नसबंदी हेतु जिला चिकित्सालय को भेजा गया। जिससे महिलाओं में आक्रोश एवं चिकित्सालय में अप्रिय स्थिति निर्मित हुई। उक्त हेतु फरसाबहार बीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिला चिकित्सालय की सर्जन डॉ. उषा लकडा के अवकाश में जाने के कारण कांसाबेल के डॉ. एस. तिर्की सर्जन की ड्यूटी लगायी गयी है जिनके द्वारा महिला नसबंदी सम्पादित की जा रही है। समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को जिला चिकित्सालय जशपुर से समन्वय कर निर्धारित संख्या में ही प्रकरण भेजने हेतु पुन: निर्देशित किया गया है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 16 जुलाई 2022

# ओटीटी ने मेरे करियर को बदल दिया : मंजरी फडनीस



हाल ही में रिलीज हुए अपने दो शो 'मासूम' और 'मिया बीवी और मर्डर' (एमबीएम) के बाद, जिसने उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित करने और अपने काम के लिए सराहना अर्जित करने का मौका दिया है, मंजरी फडनीस का कहना है कि आखिरकार, वह एक कलाकार के रूप में संतुष्ट महसूस कर रही हैं। 2008 में फिल्म 'जाने तू या जाने ना' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म की सफलता के बाद वह सबसे लंबे समय तक टाइपकास्ट हो रही थी और उसे अपने शिल्प के साथ बढ़ने का वास्तविक अवसर कभी नहीं मिला।

मंजरी ने कहा, ज्यादातर कास्टिंग निर्देशकों द्वारा मुझे एक खास तरह की टाइपकास्टिंग का सामना करना पड़ रहा था। मुझे हमेशा अच्छे, नेक्स्ट-डोर किरदार, एक अमीर लड़के की प्रेमिका आदि की पेशकश की गई थी। लेकिन मेरा कहना था, अगर यह मेरे लुक के बारे में है, तो एक मेकअप कलाकार इसे बदल सकता है। मैं एक अभिनेत्री हूं इसलिए मुझे अपने कौशल को साबित करने का मौका चाहिए। मैं हमेशा कुछ ऐसे चरित्र के रूप में अभिनय करना चाहता था जो तीव्र या बिल्कुल विपरीत हो। मैं वास्तविक जीवन में हूं। मैं सबसे लंबे समय से घुटन महसूस कर रही थी। हालांकि बीच-बीच में वह हिंदी, मराठी और दक्षिण भारत की फिल्मों में काम करती रहीं, लेकिन मंजरी के अनुसार, यह 2019 से बदलना शुरू हुआ जब उन्होंने वेब फिल्म 'बारोट हाउस' के लिए साइन अप किया। उन्होंने कहा, उस फिल्म और हमारे निर्देशक बग्स भार्गव ने मेरे लिए खेल बदल दिया और निश्चित रूप से, मैं इसके लिए आभारी हूं। लेकिन मैंने यह भी उल्लेख किया कि यह ओटीटी शो और फिल्मों के कारण है कि हम जैसे अभिनेताओं को आखिरकार हमारा हक मिल रहा है। क्या यह मैं हूं, प्रतीक (गांधी), अमित (साध) जो कम उम्र से ही इंडस्ट्री में हैं, लेकिन ज्यादातर मुख्यधारा के बॉलीवुड में दरकिनार कर दिए गए। अब हमारे साथ चीजें अच्छी हैं। जहां बोमन ईरानी और समारा तिजोरी की मुख्य भूमिका वाली 'मासूम' में उनका प्रदर्शन काफी तीव्र था, वहीं 'एमबीएम' में उनका किरदार बिल्कुल विपरीत था।

मॉडल और मॉर्शल आर्टिस्ट हैं लड़की:

# एंटर द गर्ल ड्रैगन से बॉलीवुड में एंट्री लेने वाली पूजा भालेकर



फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा बॉलीवुड में लीक से हटकर फिल्म बनाने के लिए मशहूर हैं। उन्हें लोग अलग सोच का मालिक कहते हैं। उनकी डिफरेंट विचारधारा ने ही आज उन्हें द ग्रेट राम गोपाल वर्मा बनाया है। एक बार फिर से वो अपनी फिल्म लड़की के जरिए लोगों को मनोरंजित करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के ट्रेलर ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी है।

इंडो-चाइनीस प्रोडक्शन के तहत बनी इस फिल्म में लीड रोल पूजा भालेकर, शिवम मल्होत्रा, प्रतीक परमार और अभिमन्यु सिंह निभा रहे हैं। फिल्म में पूजा भालेकर मार्शल आर्ट के करतब दिखाते नजर आ रही हैं।

फिल्म जूनून, लक्ष्य और प्रेम के बीच फंसी लड़की की कहानी है, जिसे जीवन में हर चीज पाने के लिए काफी संघर्षों से गुजरना पड़ता है, अब वो उसमें कामयाब होती है या नहीं ये तो फिल्म को देखने के बाद ही पता चलेगा लेकिन कोई शक नहीं फिल्म में बिकिनी पहने एक्ट्रेस को मारधाड़ करते हुए देखने के लिए लोग बेचैन हैं।

फिल्म के आठ मिनट के अब तक के सबसे लंबे ट्रेलर में वो सारे मसाले नजर आ रहे हैं, जो फिल्म को चलाने के लिए चहिए। फिल्म में एक्ट्रेस पूजा काफी सेक्सी और बोल्ड अंदाज में हैं। समुद्र के किनारे उनके दिए बहुत सारे बोल्ड सींस को देखकर किसी को भी पसीना आ सकता है।

तो फिल्म के ट्रेलर में वो लगभग अस्सी प्रतिशत जगह बिकिनी पहने ही नजर आ रही हैं तो वहीं फिल्म के ट्रेलर में उनके और एक्टर के बीच कई लिपलॉक सींस भी हैं।

ट्रेलर के आउट होते ही अब हर कोई पूजा के ही बारे में जानना चाहता है। मालूम हो कि लड़की: एंटर द गर्ल ड्रैगन के जरिए बॉलीवुड में कदम रखने जा रही पूजा भालेकर मूलरूप से महाराष्ट्र की ही रहने वाली हैं। वो एक मॉडल और मॉर्शल आर्टिस्ट हैं और इसी कारण रामू ने उन्हें अपने किरदार के लिए चुना है।

उनके चाहने वाले उन्हें लेडी ब्रूस ली ही कहकर पुकारते हैं।

स्ट्रॉ का उपयोग करने वाले हो जाएं सावधान!

# सेहत को होते हैं भयंकर नुकसान



क्या आप भी होटल एवं पार्टियों में स्ट्रॉ की सहायता से पानी एवं जूस का सेवन करना पसंद करते हैं। तो यह आदत आपकी जानलेवा हो सकती है। क्योंकि स्ट्रॉ की सहायता से सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन करने से आपको सेहत से जुड़े कई नुकसान हो सकते हैं। आज हम आपको इस आर्टिकल में स्ट्रॉ का उपयोग करने से होने वाले सेहत पर नुकसान के बारे में बताएंगे।

मोटापा बढ़ाएं जब आप स्ट्रॉ की सहायता से जूस या कोल्डड्रिंक पीते हैं तो आप सामान्य से अधिक पी लेते हैं। वही हाई कैलोरी वाले सॉफ्ट ड्रिंक के छोटे घुंट पीने से आपका अधिक वजन बढ़ाने का मुख्य कारण बनते हैं। जिससे आपको भूख अधिक लगती है और आपके शरीर को नुकसान होता है। जिससे वजन बढ़ता है।

हानिकारक केमिकल्स जाते हैं शरीर के अंदर प्लास्टिक के स्ट्रॉ से बने होते हैं। और जब आप इस स्ट्रॉ से ड्रिंक करते हैं तो यह आपकी बॉडी में सीधे जाकर आपके शरीर के हार्मोन के लेवल को प्रभावित करते हैं। साथ ही ये हानिकारक केमिकल्स बीमारियों को बढ़ावा देते हैं।

दांतो को होता है नुकसान अधिकतर आपने सुना होगा कि जंक फूड खाने से दांतों में सड़न, कैविटी एवं अन्य ओरल स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। लेकिन स्ट्रॉ की सहायता से भी दांतों में समस्याएं हो सकती हैं। स्ट्रॉ का उपयोग करके यदि आप कुछ पीते हैं तो यह सीधे आपके दांतों और इनेमल को छूते हैं। यह आपके दांतों को नुकसान पहुंचाता है। दिखने लगती है झुर्रियां जब आप स्ट्रॉ की सहायता से ड्रिंक को पीते हैं तो मुंह में चूसने के लिए अपने होठों से एक पाउट बनाते हैं। इस एक्टिविटी को दोहराने से आपके होठों के आसपास फाइन लाइंस और झुर्रियां हो सकती हैं। साथ ही आंखों के आसपास भी झुर्रियां दिखाई देने लगती हैं।

# इमान वेल्लानी की ऊर्जा संक्रामक है: फरहान अख्तर



बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने मिस मार्वल के चौथे एपिसोड से मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में डेब्यू किया। उन्होंने अभिनेत्री इमान वेल्लानी की प्रशंसा की, जो सीरीज में कमला खान और सुश्री मार्वल की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, और कहा कि उनकी ऊर्जा बहुत संक्रामक है। फरहान ने वलीद की भूमिका निभाई है, जो रेड डैगर्स के नाम से जानी जाने वाली प्राचीन व्यवस्था के नेता हैं। वलीद, जो कमला खान के लिए एक संरक्षक के रूप में कार्य करती है, जब वह कराची में अपनी नानी से मिलने जाती है, तो उसकी महाशक्तियों और उसकी असली पहचान के पीछे के रहस्य का जवाब देने और उसे उजागर करने में मदद करती है। मार्वल सेट पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, फरहान ने कहा, शो में काम करना बहुत रोमांचक था। यह एक बिल्कुल अविश्वसनीय ब्रह्मांड है और उन्होंने कुछ बिल्कुल अविश्वसनीय पात्रों का निर्माण किया है। इसलिए उनमें से एक होना - वलीद होना - वह व्यक्ति बनें जो रेड डैगर्स के संरक्षकों के आदेश से है, यह सिर्फ एक बहुत ही गंभीर जिम्मेदारी की तरह लगा और साथ ही साथ बहुत रोमांचक भी।उन्होंने आगे कहा कि, भूमिका की तैयारी के दौरान उन्होंने खुद को निर्देशकों के दृष्टिकोण के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, निर्देशक शरमीन और एक्शन करने वाले गैरी के साथ काम करते हुए, मेरे पास बहुत अच्छा समय था। हमें रिहर्सल करने और कोरियोग्राफी सीखने के लिए कुछ दिनों के लिए अंदर जाना पड़ा। सारी मेहनत वहीं की गई, ताकि जब हमें मिल जाए सेट पर, यह खेलने का समय था। साथी नवोदित वेल्लानी के साथ अपने अनुभव को साझा करते हुए, फरहान ने कहा, वह एक बिल्कुल अद्भुत व्यक्ति हैं और यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। जब सुश्री मार्वल के कलाकारों की बात आती है तो उनकी ऊर्जा संक्रामक होती है और प्रेरक शक्ति होती है। सीरीज, जो समापन की ओर बढ़ रही है, आदिल एल अरबी और बिलाल फलाह, शरमीन ओबैद-चिनॉय, लघु वृत्तचित्र श्रेणी में दो बार ऑस्कर विजेता और मीरा मेनन द्वारा निर्देशित की गई है।

## खेल

# दूसरे वनडे में टीम इंडिया का सरेंडर

## लॉर्ड्स में इंग्लैंड ने भारत को 100 रनों से हराया, रीसे टोपली ने झटके 6 विकेट

इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे वनडे मैच में टीम इंडिया को 100 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इसके साथ ही तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 246 रन बनाए।




जवाब में भारतीय टीम 38.5 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए रीसे टोपली ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट अपने नाम किए।

वहीं, भारत के लिए सबसे ज्यादा रन हार्दिक पंड्या और रवींद्र जडेजा ने बनाए। दोनों के बल्ले से 29-29 रन निकले। इंग्लैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन मोईन अली ने बनाए। उन्होंने 64 गेंद में 47 रन की पारी खेली।

टीम इंडिया को पहला झटका 4 रन पर लगा। रोहित शर्मा 0 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद धवन भी कुछ खास नहीं कर पाए और 9 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। दोनों विकेट रीसे टोपली ने अपने नाम किए। टीम मैनेजमेंट ने सूर्य कुमार यादव से पहले ऋषभ पंत को बल्लेबाजी करने भेजा और वो भी बिना खाता खोले आउट हो गए। पूरी तरह सेट हो चुके कोहली एक बार फिर बड़ी पारी नहीं खेल पाए। उन्होंने 25 गेंद का सामना किया और उनके बल्ले से 16 रन निकले। उन्होंने इस दौरान 3 चौके भी लगाए। 4 विकेट जल्दी गिरने के बाद हार्दिक और सूर्यकुमार यादव ने कुछ देर तक टीम इंडिया की पारी संभाली और दोनों ने 54 गेंद में 42 रन की साझेदारी भी की, लेकिन रीसे टोपली ने एक बार फिर भारत को झटका दिया और सूर्या को बोल्ड कर दिया।

### चहल की शानदार गेंदबाजी नहीं आई भारत के काम

*भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट युजवेंद्र चहल ने लिए। उन्होंने 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या को 2-2 विकेट मिले। चहल ने किसी भी इंग्लिश बल्लेबाज को क्रीज पर जमने नहीं दिया।*

कोहली के सवाल पर भड़के रोहित शर्मा

# भारतीय कप्तान ने कहा- मुझे समझ नहीं आ रहा, इस पर इतनी चर्चा क्यों; बटलर बचाव में आए



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा गुरुवार रात को विराट कोहली के सवाल पर भड़क गए। दूसरी ओर इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने कोहली का बचाव किया है। ये दोनों दूसरे वनडे के बाद पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस में मीडिया से चर्चा कर रहे थे।

जब रोहित शर्मा से विराट के फॉर्म को लेकर सवाल किया गया तो वे भड़क गए। 35 साल के भारतीय कप्तान ने झल्लाते हुए कहा कि मुझे यह समझ नहीं आ रहा कि इस पर इतनी चर्चा क्यों हो रही है? कोहली ने बहुत सारे मैच खेले हैं। वे बीते कई साल से खेल रहे हैं और वे सचमुच महान बल्लेबाज है तो उन्हें किसी तरह के आश्वसन की जरूरत नहीं है। मैंने पिछली बार इस पर चर्चा की थी। फॉर्म ऊपर नीचे होती है, यह किसी भी क्रिकेटर के करियर का हिस्सा है। उन्हें बस एक या दो अच्छी पारियों की जरूरत है। रोहित ने कहा कि मुझे भरोसा भी है कि जो लोग क्रिकेट समझते हैं वे भी ऐसा ही सोचते होंगे। रोहित ने कहा कि बंदे ने इतने रन बनाए हैं, उनकी ऐवरेज देखो, उन्होंने कितने शतक जमाए हैं ये देखो। उन्हें यह सब करने का अनुभव है। हर खिलाड़ी के करियर में बुरा दौर आता है।

## एक नजर

### महिला यूरो कप 2022: नीदरलैंड ने पुर्तगाल को 3-2 से हराया

**मैनचेस्टर ।** डेनिएल वैन डी डोनक के शानदार गोल की बदौलत नीदरलैंड ने बुधवार रात लेह स्पोर्ट्स विलेज में महिला यूरो कप 2022 के अपने ग्रुप सी मैच में पुर्तगाल को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही नीदरलैंड की टीम समूह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। चोट और बीमारी से जूझ रही डच टीम को मैच के सातवें मिनट में ही दमारिस एगुरोला ने हेडर के जरिये गोलकर 1-0 की बढ़त दिला दी। नौ मिनट बाद, स्टेफनी वैन डेर ग्रैग्ट ने एक और गोल करके डच टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।



### पाकिस्तान को पछाड़कर भारत वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा

**दुबई ।** इंग्लैंड पर 10 विकेट की बड़ी जीत के बाद भारत, पाकिस्तान से आगे निकलकर वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत के पास अब पाकिस्तान (106 अंक) से दो अंक अधिक 108 रैंकिंग अंक हैं। हालांकि भारत को यह बढ़त बरकरार रखने के लिए सीरीज़ के दो में से कम से कम एक मैच जीतने होंगे। न्यूज़ीलैंड 126 अंकों के साथ पहले और इंग्लैंड 122 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ घरेलू ज़मीन पर 3-0 से सीरीज़ जीतने के बाद पाकिस्तान, भारत को पछाड़कर तीसरे स्थान पर आ गया था। भारत को अगले 15 दिनों में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ दो और वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ तीन वनडे मैच खेलने हैं। ऐसे में वह अपनी बढ़त को और बढ़ा सकता है।




### विम्लबडन 2023 में भी लग सकता है रूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध

**मॉस्को ।** विम्बलडन अधिकारी यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान के समाप्त न होने की स्थिति में रूसी खिलाड़ियों को 2023 चैंपियनशिप से प्रतिबंधित करने पर विचार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की रूसी एथलीटों को 2024 क्वालीफायर से प्रतिबंधित करने की योजना ने ऑल इंग्लैंड क्लब और लॉन टेनिस एसोसिएशन के इरादों को और मज़बूत किया है। ऑल इंग्लैंड क्लब और लॉन टेनिस एसोसिएशन ने विम्बलडन 2022 में भी रूसी और बेलारूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया था, जिसके कारण पुरुषों के टेनिस संगठन एटीपी और महिलाओं के डब्ल्यूटीपी ने इस साल के आयोजन से विश्व रैंकिंग पॉइंट हटा लिये थे। डब्ल्यूटीए ने दोनों आयोजकों पर संयुक्त 10 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया था। अगले साल होने वाले टूर्नामेंट में प्रतिबंध पर फैसला मार्च से पहले नहीं आयेगा।

# पीवी सिंधु सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में

## चीनी की युवेय को हराया, साइना नेहवाल और एचएस प्रणय के क्वार्टर फाइनल जारी

भारत को बैडमिंटन में डबल ओलिंपिक मेडल दिलाने वाली स्टार शटलर पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन सुपर 500 सीरीज टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने चीनी खिलाड़ी हान युवेय को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 17-21, 21-11, 21-19 से हराया।




टॉप-4 के मुकाबले में पीवी सिंधु का सामना जापान की सीना कवाकामी से होगा। शुक्रवार को सिंधु के अलावा लंदन ओलिंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साइना नेहवान और थॉमस कप के गोल्ड मेडलिस्ट एचएस प्रणय अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेल रहे हैं। 27 साल की पीवी सिंधु 2 क्वार्टर फाइनल हारने के बाद सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इससे पहले वे मलेशिया ओपन और मलेशिया मास्टर्स के टॉप-8 के मुकाबले ताई जू यिंग से हार गई थीं। पहले गेम में चीनी खिलाड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और सिंधु पर दवाब बनाते हुए उन्हें 17-21 से हारा दिया। पहला गेम गंवाने के बाद भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी वापसी की। उन्होंने दूसरे गेम में हान युवेय को लय में आने का कोई मौका नहीं दिया। सिंधु ने दूसरा गेम 21-11 के बड़े अंतर से जीती। फिर तीसरे और निर्णायक गेम में सिंधु ने चीनी खिलाड़ी को वापसी का कोई चांस नहीं दिया। सिंधु ने यह गेम 21-19 से अपने नाम करते हुए टॉप-4 में अपनी जगह पक्की कर ली।

रोनाल्डो को ऑफर हुई 2400 करोड़ रुपए की डील-

# साइन करते ही फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा सैलरी लेने वाले फुटबॉलर बन जाएंगे

पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के एक क्लब ने 300 मिलियन यूरो (करीब 2400 करोड़ रुपए) की डील ऑफर की है।




रिपोर्ट्स के अनुसार, डील साइन करते ही रोनाल्डो फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा सैलरी लेने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। हालांकि, उन्हें किस क्लब ने इतनी बड़ी डील ऑफर की है, इसका खुलासा नहीं हो सका है। उन्होंने कुछ दिनों पहले ही इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने की इच्छा जताई थी। करिअर के अंतिम दौर में चल रहे रोनाल्डो ने चैंपियंस लीग खेलने की इच्छा जताई, जो उन्हें मैनचेस्टर यूनाइटेड में सफल होती नजर नहीं आ रही है। वे पारिवारिक कारणों के चलते थाइलैंड में टीम के साथ प्री-सीजन ट्रेनिंग का हिस्सा भी नहीं हैं। हालांकि, क्लब के कोच एरिक टेन हैग ने साफ कर दिया है कि वे रोनाल्डो से बात करेंगे। क्लब रोनाल्डो को अभी नहीं छोड़ेगा। वे इस सीजन में टीम की स्ट्रेटजी का हिस्सा हैं।

# जलभराव, कब्जा, गड्ढों की समस्याओं से मिलेंगी मुक्ति– विधायक शैलेश

बिलासपुर । विधायक शैलेष पांडेय ने गुरुवार को जनता से भेंट मुलाकात कर समस्याओं को सुना। पहले चरण में बंधवापारा सरकंडा और दयालबंद क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए क्षेत्र के नागरिकों के साथ समस्याओं की जानकारी के लिए संवाद किया।



इस दौरान उनके सामने क्षेत्र की समस्या के रूप में लोगों ने जलभराव, पानी निकासी, सड़क में गड्ढे, बेजा कब्जा की समस्या रखी। ऐसे में उन्होंने क्षेत्र का जायजा लेने के बाद यह माना कि यहां पर यह समस्याएं मौजूद है। जिसे जल्द ही निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान दयालबद के स्कूल में पसरी गंदगी देख कर विधायक शैलेष पांडेय भड़क गए और संबंधित निगम के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल स्कूल परिसर से गंदगी हटाने के निर्देश दिए। इसी तरह बंधवापारा सरकंडा क्षेत्र में भी उन्हें कई तरह की समस्याएं मिलीं। इसमें सड़क का खराब होना और जलभराव की समस्याएं रहवासियों द्वारा गिनाया गया। ऐसे में उन्होंने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद जुगल गोयल, एल्डरमैन सुबोध केशरी, कमल नरसिंह, बलविंद्र सिंह, भरत जुरीयानी, करम गोरख, सीता कश्यप, उर्वशी शर्मा, संजय सोनी, राजकुमार यादव, पिंकू पांडेय के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासी उपस्थित रहे।

### सर्वमंगला विहार कालोनी की समस्या जल्द होगी दूर

*विधायक शैलेष पांडेय ने उसलापुर स्थित सर्व मंगला विहार कालोनी का भी जायजा लिया। मालूम हो कि पूरे कालोनी में जलभराव की समस्या बनी हुई है। बीते साल यहां की हालत इतनी अधिक खराब हो गई थी कि रहवासियों को नाव तक चलाने के लिए बाध्य होना पड़ गया था। वहीं इस समस्या को देखते हुए विधायक शैलेष पांडेय ने सर्व मंगला विहार कालोनी के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर आश्वासन दिया है कि जलभराव की समस्या दूर करने के साथ ही यहां पर सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं जल्द से जल्द दी जाएंगी।*

# सिम्स में सुविधायें बढ़ाने स्वशासी समिति की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय



**बिलासपुर** । कमिश्नर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आज यहां छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) की स्वशासी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सिम्स अस्पताल में एनएमसी की मापदण्डों के अनुरूप सुविधाएं विकसित करने संबंधी अनेक प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग के डायरेक्टर डॉ विष्णु दत्त, कलेक्टर सौरभकुमार, सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. सहारे सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार सिम्स के बालक छात्रावास में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, बायोकेमेस्ट्री लैब में फाल्स सिलिंग एवं एयर कूलर की व्यवस्था, माईक्रो बायोलाजी म्यूजियम एवं फार्माकोलॉजी लैब का रिनोवेशन, आडिटोरियम में एसी की स्थापना, ऑडिटर की नियुक्ति, यूटिलिटी ब्लॉक की दुकानों को किराये पर दिया जाना, कण्डम वाहनों का अपलेखन, बाह्य परीक्षकों की लॉजिंग एवं भोजन राशि में इजाफा, कार्यालयीन उपयोग के लिए कम्प्यूटर खरीदी, सांसद निधि से छोटी एम्बुलैंस खरीदी, एवं माड्यूलर ओटी एवं फायर सेफ्टी की व्यवस्था शामिल हैं। बैठक में वर्ष 2022–23 की अब तक की आय–व्यय की भी जानकारी प्रस्तुत की गई।

## एक नजर

### भेदभाव के खिलाफ अनुकम्पा संघ करेगा विधानसभा घेराव

**रायपुर** । अनुकम्पा नियुक्ति शिक्षाकर्मी कल्याण संघ की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे ने राज्य सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार हमारे साथ अन्याय कर रही है।



अनुकम्पा नियुक्ति शिक्षाकर्मी कल्याण संघ की प्रदेश अध्यक्ष माधुरी मृगे ने कहा कि दूसरे विभाग के वरिष्ठ पायलट स्वर्गीय कैप्टन गोपाल कृष्ण पंडा की पत्नी अलका पंडा को शिक्षा विभाग के अंतर्गत व्याख्याता के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति देने कैबिनेट में निर्णय लेकर सरकार संवेदनशीलता दिखा सकती है तो दिवंगत शिक्षक पंचायत/शिक्षाकर्मी के आश्रित 1269 परिवार के सदस्यों पर सरकार इतनी संवेदनहीन कैसे हो सकती है? यह सरकार का सरासर अन्याय और भेदभाव है। यह समानता के सिद्धांत के विरुद्ध है। अनुकंपा नियुक्ति के मामले में अलग अलग नजरिया स्वीकार नहीं किया जायेगा। संघ की प्रांताध्यक्ष माधुरी मृगे ने कहा कि अनुकम्पा संघ फिर से एक बार सड़क पर उतरने के लिए मजबूर हो रहा है। 25 जुलाई को अनुकम्पा संघ विधानसभा का घेराव करेगा।

### साई मंदिर सेक्टर 5 में गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाया गया

**भिलाई** । साईं मंदिर सेक्टर 5 स्ट्रीट नंबर 40 साईं बाबा आरती सत्संग सेक्टर 5 भिलाई गुरु पूर्णिमा के अवसर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया 13 से 14 जुलाई 2022 दो दिवसीय प्रोग्राम बुधवार प्रात: 5:00 बजे काकड़ आरती श्री आरकेबी सारे द्वारा पूजा अर्चना की गई 5:30 बजे श्री साई कावड़ यात्रा शिवनाथ नदी की ओर प्रस्थान मंडली का आगमन तथा स्वागत श्री साईं जी की पूजा अभिषेक शिवनाथ नदी के जल से समस्त साईं भक्तों के द्वारा श्री सत्यनारायण पूजन एवं हवन किया गया गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रात: सुबह से सभी भक्तों दर्शन के लिए ताता लगा रहा सभी भक्तों ने गुरु और साई दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया साईं मंदिर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धा और भक्ति पूर्वक हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया गया महिला मंडल सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी पूजा श्री साईं जी की महा आरती दोपहर 12:00 बजे की गई सभी भक्तों ने जय जय साईं राम जय जय साईं राम जय घोष किया गया दोपहर पूजा अर्चना आरती के बाद महाप्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया गया रात्रि 7:30 बजे श्री साईं जी की पालकी सुंदर सजा फूल माला से सजाकर पालकी यात्रा निकाली गई सभी साईं भक्तों को प्रसाद महाभोग खिचड़ी हलवा का प्रसाद बांटा गया सभी श्रद्धालुओं साईं भक्त ने प्रसाद ग्रहण किया

### कबीरधाम जिले के तीन आरक्षक हुए पदोन्नत

**कवर्धा** । पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग के आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची, तथा एस.ओ.पी. नियम के तहत वर्ष 2022 में जिला पुलिस कबीरधाम के तीन आरक्षक (1) आरक्षक क्रमांक–406 विजय राम धुर्वे,(2) लक्ष्मी कांत मिश्रा,( डीसीबी शाखा),(3) आरक्षक क्रमांक 406 हरिशंकर प्रसाद तिवारी का आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति हुआ है। जिन्हें दिनांक–13.07.2022 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कबीरधाम पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पदोन्नत आरक्षक विजय राम धुर्वे के सुपुत्र विशाल धुर्वे के द्वारा अपने पिता के एक कंधे पर फ्त्ती लगाया गया तथा आरक्षक हरिशंकर प्रसाद तिवारी की सुपुत्री कुमारी काव्या तिवारी के द्वारा अपने पिता के एक कंधे पर फ्त्ती लगाया गया, आरक्षक लक्ष्मी कांत मिश्रा के एक कंधे पर पुलिस कप्तान तथा एक कंधे पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा फ्त्ती लगाकर मुंह मीठा करा प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं-निर्देशों सहित विभिन्न एजेण्डों पर मुख्य सचिव ने ली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

### जिलों से कलेक्टर हुए शामिल

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम में किए गए घोषणाओं और निर्देशों की प्रगति, आगामी कार्ययोजना, जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि के उपयोग, खरीफ वर्ष 2021–22 के अंतर्गत एफसीआई मे लक्ष्य के विरुद्ध जमा किए गए चावल तथा शेष चावल के अद्यतन स्थिति, राजस्व नक्शे के जिओ–रिफ्रेन्सिंग कार्य, प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों मे बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराए जाने की कार्ययोजना, गर्भवती माताओं में एनीमिया की कमी लाने के लिए कार्ययोजना, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, स्वच्छ भारत मिशन, शासकीय भूमि का आवंटन और व्यवस्थापन आवेदनों के निराकरण, धनवंतरी दुकानों के नियमित निरीक्षण, हर घर झंडा अभियान, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना , कोविड टीकाकरण सहित अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई।



शा. पू. मा. शाला तुलसी ( सिमगा) शिक्षकों की कमी

## प्रभात राय ने अभिभावकों के साथ शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति के लिए कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

**बलौदा बाजार ।** शिक्षा से ही छात्रों के उज्जवल भविष्य का निर्माण होता है जिससे वह विकास कर प्रगति पथ पर अग्रसर चलता है। जिसमें शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शासकीय पूर्व माध्यमिक साला तुलसी (सिमगा) में शिक्षकों की कमी के कारण छात्रों के अध्ययन और अध्यापन प्रभावित हो रहा है। जिससे छात्र काफी परेशान नजर आ रहे हैं। विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 241 है, जिसमें कार्यरत शिक्षक 3 है। जिनमें एक शिक्षक ष्ट्ष्ट के पद पर कार्यरत है। स्कूल में गणित एवं अंग्रेजी विषय के शिक्षक नहीं होने के कारण इन विषयों की पढ़ाई पूर्णत:बंद है। जिससे छात्रों अध्ययन और अध्यापन में प्रभाव पड़ रहा है। जिसको देखते हुए पालकगणों ने चिंता व्यक्त की है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात राय ने पालकगणों और (अध्यक्ष)शाला प्रबंधक और विकास समिति शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुलसी (सिमगा)के साथ मिलकर कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा और जिला शिक्षा अधिकारी को शीघ्र शिक्षक नियुक्ति की जाने के लिए ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में साथ यह भी अवगत कराया गया है अगर 1 सप्ताह के भीतर शिक्षक नियुक्ति नहीं की जाती तो स्कूल में ताला लगा दिया जाएगा। शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है जिससे पालकगणों में काफी नाराजगी बनी हुई है।आने वाले दिनों में इन बातों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र शिक्षक की नियुक्ति की जाती है या नहीं यह देखने योग्य होगा।



## नाबालिग को अश्लील वीडियो दिखा कर दुष्कर्म करने वाला पुलिस के गिरफ्त में

**बिलासपुर।** सरकंडा के जांजी तालाब के पास रहने वाला युवक 12 साल की नाबालिग को अश्लील वीडियो दिखाकर दुष्कर्म करता था। इसके अलावा उसने नाबालिग का अश्लील वीडियो भी बना लिया था। नाबालिग ने इसकी जानकारी स्वजन को देकर सरकंडा थाने में शिकायत की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। इस बीच आरोपित फरार हो गया। गुर्स्वार को पुलिस ने रायपुर में दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार किया है।

सरकंडा क्षेत्र में रहने वाली पीड़ित ने तीन जुलाई को दुष्कर्म की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उसकी 12 साल की बेटी को बंधवापारा के जांजी तालाब के पास रहने वाले दुर्गेश यादव(28) ने काम के बहाने घर में बुलाकर अश्लील वीडियो दिखाकर दुष्कर्म किया। उसने इसकी वीडियो भी बना ली। बाद में वह नाबालिग को उसका अश्लील वीडियो दिखाकर धमकी देता था। वीडियो को इंटरनेट मीडियो में वायरल करने की धमकी देकर वह बार–बार उससे दुष्कर्म करने लगा। उसकी प्रताड़ना से परेशान होकर नाबालिग ने स्वजन को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। शिकायत पर पुलिस दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। इस बीच वह अपने घर से फरार हो गया। पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम उसकी तलाश कर रही थी। साइबर सेल को जानकारी मिली कि आरोपित रायपुर में रह रहा है। इस पर पुलिस ने रायपुर में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है।



### केस वापस लेने स्वजन को देता था धमकी

दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद आरोपित फरार हो गया था। इसके बाद भी वह नाबालिग के स्वजन को फोन कर केस वापस लेने की धमकी देता था। वह पीड़ित के स्वजन को उनकी बेटी का अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल करने की धमकी देता था। स्वजन ने उसके मोबाइल नंबर को साइबर सेल को दिया। इसके बाद आरोपित पुलिस की पकड़ में आ गया।

## कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं– डॉ. अलंग

### संभाग के 41 प्रतिभाशाली छात्रों का कमिश्नर एवं कलेक्टर ने किया सम्मान

**बिलासपुर** । बिलासपुर संभाग के कमिश्नर डॉ. संजय अलंग एवं कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने आज मंथन सभाकक्ष में बिलासपुर संभाग के प्रतिभाशाली छात्रों को चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. अलंग ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। मजबूत इच्छा शक्ति और धैर्य के साथ बड़ी से बड़ी बाधा पार की जा सकती है। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के सहयोग से ह्यूमन्स केयर एंड डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा किया गया। पी.एस.वाय 2021–22 राष्ट्रीय मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा में तीन विधाओं में संभाग के 41 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि अक्टूबर माह में आयोजित राष्ट्रीय परीक्षा के निबंध, शोध एवं मुख्य परीक्षा में इन बच्चों ने अपनी सहभागिता दर्ज की थी। जिन बच्चों को सम्मानित किया गया, उनमें सुजैन खान, काव्यांजलि पाण्डेय, गीतांजलि सिन्हा, पीयूष दुबे, आराधना पाल, प्रेरणा सिंह, मलय सिंह, अंजना विश्वकर्मा, मुस्कान रानी कंवर, समीर सिंह, श्रेया रात्रे, भूमिका साहू, तनु केशरवानी, तुलसी सारस्वत, भावना साहू, नरगिस परवीन, ऋद्धि पटेल ने मुख्य परीक्षा एवं चित्रकला सहित शोध प्रतियोगिता में जिला स्तरीय सम्मान एवं चेक प्राप्त किया। ये सभी छात्र पी.एस.वाय के दूसरे चरण के परीक्षा के लिए चयनित है एवं राज्य स्तरीय परीक्षा में भाग लेंगे।



ये बच्चे स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी बिलासपुर, सेंट जेवियर स्कूल व्यापार विहार, जैन इंटरनेशनल स्कूल बिलासपुर, सेंट माइकल स्कूल रायगढ़, कार्मल कान्वेंट स्कूल रायगढ़ एवं डीएव्ही स्कूल कोरबा, डीपीएस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कोरबा, गुरूकूल हायर सेकेण्डरी स्कूल बिलासपुर, जागृति हायर सेकेण्डरी स्कूल बिलासपुर, ड्रीमलेंड स्कूल बिलासपुर में अध्ययनरत है।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन हयूमन्स केयर एंड डेवलपमेंट काउंसिल की समन्वयक सुश्री शुभ्रा शुक्ला ने किया।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, प्रेस क्लब और स्मृति वाटिका का किया अवलोकन

### गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य में पूर्ण करने के निर्देश

गौरेला पेंड्रा मरवाही । कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज नगर पंचायत पेंड्रा और गौरेला में बन रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, प्रेस क्लब और स्मृति वाटिका की प्रगति का अवलोकन किया।



उन्होंने सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने मल्टीपर्पज खेल मैदान परिसर पेंड्रा में बन रहे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की ड्राइंग–नक्शा का अवलोकन किया और भवन की छत ढलाई माह अक्टूबर तक तथा भवन का निर्माण मार्च 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। यह स्कूल दो करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से 11 हजार स्क्वायर फीट में बन रहा है। उन्होंने पेंड्रा में निर्माणाधीन प्रेस क्लब का निरीक्षण किया और यहां पार्किंग, बाउंड्री वाल बनाने के साथ ही हाल, लाइब्रेरी,लेट–बाथ आदि का अवलोकन किया। उन्होंने 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रहे प्रेस क्लब को 2 अक्टूबर 2022 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौरेला ब्लाक के ग्राम सेमरा में निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का अवलोकन किया और इसकी छत ढलाई माह नवंबर तक तथा भवन का निर्माण मार्च 2023 तक पूर्ण करने को कहा। यह भवन एक करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से 5 हजार स्क्वायर फीट में बन रहा है। कलेक्टर ने गौरेला ब्लॉक के सारबहरा में बन रहे स्मृति वाटिका का भी अवलोकन किया। उन्होंने वाटिका के समीप स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण, सीढ़ियों में रेलिंग, पाथवे तथा बोटिंग प्वाइंट का कार्य शीघ्र पूर्ण करते हुए 15 अगस्त 2022 तक स्मृति वाटिका पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को वाटिका में लॉन बनाने, बाउंड्री किनारे छायादार पौधे लगाने तथा गार्डन के अंदर रंग–बिरंगे फूलों के पौधे लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण श्री डी आर साहू, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री शरद श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण श्री मनोज जैन, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी श्री पी एल पड़वार, वरिष्ठ उद्यान अधीक्षक श्री टी आर दिनकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में लगाई गई 'छत्तीसगढ़ महतारी' की तस्वीर

**बिलासपुर** । जिले की सभी स्कूलों एवं शासकीय कार्यालयों में छत्तीसगढ़ महतारी की रंगीन तस्वीरें लगाई जा रही हैं। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार की मौजूदगी में आज यहां तारबहार स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर लगाई गई। प्राचार्य श्रीमती उषा चन्द्रा के कक्ष में राज्य शासन द्वारा अनुमोदित खूबसूरत तस्वीर लगाई गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.के.कौशिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की सम्पन्नता एवं वैभव हमारे किसानों से है एवं उनकी खुशहाली में छत्तीसगढ़ महतारी का आशीर्वाद है। छत्तीसगढ़ महतारी एक देवी रूप में हरी साड़ी में हंसिया एवं धान की बाली लिये खड़ी है तथा आशीर्वाद दे रही है। साथ ही देवी छत्तीसगढ़ी आभूषणों से सुसज्जित हैं। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने इस सिलसिले में सभी कार्यालय प्रमुख एवं स्कूल प्रबंधन को तत्काल तस्वीर लगाकर सूचित करने को कहा है।



# पूरे जिले में रही भाजपा के कद्दावर नेता विकास केडिया के जन्मदिन की धूम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य और खरसिया मंडल भाजपा प्रभारी विकास केडिया का जन्मदिन पूरे रायगढ़ अंचल में 14 जुलाई को धूमधाम से मनाया गया। भाजपा नेता के जन्मदिन का जश्न 13 जुलाई की देर रात से शुरू होकर दूसरे दिन पूरे दिन और रात भर चलता रहा। इस अवसर पर उनसे आत्मीय रूप से जुड़े भाजपाए भाजयुमो और रायगढ़ के कई सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने कई अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए।




## देर रात से ही कार्यकर्ता मनाने लगे अपने नेता का जन्मदिन

इस अवसर पर पहला कार्यक्रम चक्रधरनगर चौक में मनाया गयाए जहां देर रात भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष खगेश देवांगन के नेतृत्व में पचास से अधिक कार्यकर्त्ताओं ने चक्रधरनगर चौपटी प्रांगण में केक काटकर और मिठाइयां बांटकर धूमधाम से अपने चहेते युवा भाजपा नेता का जन्मदिन मनाया। वहीं मध्यरात्रि में ही भाजयुमो नेता ओमकार तिवारी ने अपने दर्जनों युवा साथियों की उपस्थिति में बजरंग पारा मोहल्ले में में केक काट कर अपने पसंदीदा भाजपा नेता केडिया का जन्मदिन मनाया।

## पूरा शहर हुआ विकासमय

इसी कड़ी में पुरानी बस्ती ढिमरापुर मे भाजपा अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बघेल ने मोहल्ले के दर्जनों बच्चों के साथ केक काटकर अपने चहेते नेता विकास केडिया का जन्मदिन मनाया गयाए तो रामभांठा धांगरडीपा क्षेत्र में भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष मेघा जाटवर एवं भाजपा नेत्री नेहा देवांगन की अगुवाई अन्य दर्जनों महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा नेता विकास केडिया का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। वहीं कोतरा रोड में भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य गौरव गोयल और भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंत्री मुक्कू यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने साथ मिलकर केक काटा और अपने पसंदीदा भाजपा नेता विकास केडिया का जन्मदिन मनाया। तो रियापारा मे पूर्व निगम पार्षद के संजीत और भाजपा अजजा मोर्चा अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राज के नेतृत्व में लक्ष्मण यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में अपने युवा नेता का जन्मदिन केक काटकर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान मोहल्लेवासियों को मिठाइयां भी बांटी गई। इस अवसर पर गोगा मंदिर जूटमिल में भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता रितेश जैन सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा अपने लोकप्रिय भाजपा नेता का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया।

## साईं मंदिर प्रांगण में जरुरतमंदों को कराया गया सात्विक भोजन

तो वहीं 14 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे बूजी भवन चौक स्थित साई मंदिर और पंचमुखी हनुमान मंदिर में उनसे जुड़े भाजयुमो के कार्यकर्ताओँ ने भाजपा नेता के जन्मदिन के शुभ अवसर पर युवा नेता अंकित श्रीवास के अगुवाई में सामूहिक पूजा अर्चना की और उनके उत्तम स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना के साथ पूरे रायगढ़ अंचल की खुशहाली और समृद्धि के लिए भी मंगलकामना की गई। जिसके पश्चात मंदिर प्रांगण के बाहर ही जरूरतमंद भूखे लोगों को ससम्मान सात्विक भोजन कराया गया और मिष्ठान खिलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सौरभ अग्रवालए शशिभूषण चौहानए मित्तल सागरए अमन सहित कई अन्य कार्यकर्त्ताओं की मौजूदगी रही।

## पुसौर ब्लॉक में भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्मदिन

इसी अवसर पर युवा मोर्चा पुसौर के कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में मरीजों को फल वितरित किया गया, साथ ही बाजार चौक पुसौर में कार्यकर्ताओं द्वारा पहले केक कांटा गया फिर वहां मौजूद आम जनता और कार्यकर्त्ताओं को मिष्ठान खिलाया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल, जिला कार्यसमिति सदस्य जगन्नाथ प्रधान, जैमिनी गुप्ता, गोपाल बारीक के विशेष उपस्थिति के साथ युवा मोर्चा से अध्यक्ष रजत गुप्ता, महामंत्री द्वय अविनाश गुप्ता व दुर्गेश मालाकार, रोहन साव, घनश्याम गुप्ता, जगन्नाथ प्रधान, राजू सा, सुधीर गुप्ता, सुशील बारीक, सुशांत बैरागी, आदित्य भोय, जगन्नाथ यादव, राजू यादव, परखित गुप्ता, नंद कुमार सिदार, माधव राणा, नीलमणि सिद्धार, शौकी बढ़ाई एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ललित पाठशाला में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को कॉपी-पेन का किया गया वितरण

भाजपा नेता केडिया के जन्मदिन के शुभ अवसर पर अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष शशिभूषण चौहान और युवा भाजयुमो नेता अमन वैष्णव की अगुवाई में जूटमिल क्षेत्र में स्थित सरकारी ललित पाठशाला में अध्यनरत कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों को कॉपी और पेन का वितरण किया गया। जिसे पाकर छात्र बेहद खुश नजर आए।

## गौमाता चौक में किया गया वृक्षारोपण

अपने चहेते भाजपा नेता के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर युवा भाजपा नेता दीपक श्रीवास ने अपने कई युवा साथियों के साथ शहर के गौ माता चौक में फलदार पौधे लगाए और अपने नेता के दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान वहां मौजूद सभी भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपनी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी लिया गया।

# एक नजर

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल हुई कार्यवाही

### दिव्यांग बुधनाथ को मिला बैटरीचलित मोटाराईज्ड ट्राईसाईकिल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जशपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विभिन्न ग्रामों में आयोजित भेंट-मुलाकात के दौरान किए गए घोषणाओं एवं निर्देशों पर अमल कर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम झारमुंडा निवासी दिव्यांग श्री बुधनाथ सिदार ने ट्राईसाईकिल की मांग की थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिव्यांग आवेदक बुधनाथ सिदार को मोटाराईज्ड ट्राईसाईकिल प्रदाय किए जाने हेतु निर्देशित किया था। उक्त निर्देश का पालन करते हुए कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विगत दिवस को दिव्यांग बुधनाथ सिदार को समाज कल्याण विभाग के द्वारा बैटरीचलित मोटाराईज्ड ट्राईसाईकिल प्रदान किया गया। इसके लिए बुधनाथ ने जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया है।

## प्राथमिक शाला कलिया के मुख्य जर्जर भवन में नहीं लग रही बच्चों की कक्षाएं

### सुरक्षित कमरों में छात्र-छात्राओं को बैठाकर कराया जा रहा अध्यापन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बगीचा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलिया के संबंध में प्रकाशित समाचार का बीईओ बगीचा द्वारा जांच करवाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवेदन के आधार पर बताया गया है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलिया में बच्चों की कुल दर्ज संख्या 95 है। वर्तमान में इस विद्यालय में 1 प्रधान पाठक अमृत लाल खलखो एवं 1 अन्य शिक्षक विरेन्द्र कुमार टोप्पो शिक्षक एलबी पदस्थ हैं। साथ ही शिक्षक विनोद कुमार टोप्पो पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम कलिया में अधीक्षक के पद पर 5 वर्षों से प्रभारी अधीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला कलिया में बच्चों की कुल दर्ज संख्या 55 है एवं अध्यापन के लिए 1 शिक्षिका कार्यरत है। यह स्कूल ई-संवर्ग की शाला है। जहाँ अध्यापन के लिए एकल शिक्षक है। व्यापम द्वारा सीधी भर्ती के तहत इस जिला को ई-संवर्ग के 30 सहायक शिक्षक एवं टी-संवर्ग हेतु 209 सहायक शिक्षक पदांकन हेतु प्राप्त हुए है। जिन्हें क्रमशः ई एवं टी संवर्ग के शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में पदस्थ कर दिया गया है। चूंकि प्राथमिक शाला कलिया ई-संवर्ग की शाला है तथा ई-संवर्ग के सभी सहायक शिक्षकों की एकल शिक्षकीय शालाओं में पदस्थ कर दी गई है जिसके कारण वर्तमान में ई-संवर्ग के शिक्षक उपलब्ध नहीं है। प्राप्त ई-संवर्ग के 30 एकल शिक्षकीय विद्यालयों में रिक्त पद की पूर्ति कर दी गई है। इस स्थिति में किसी ऐसे प्राथमिक शाला से जिसमें अधिक शिक्षक हो उन्हें शाला में अध्यापन के लिए संलग्न किया जा सकता है।

संलग्नीकरण की प्रक्रिया समाप्त कर दिया गया है। इस हेतु जिला प्रशासन की अनुमति से इस शाला के लिए शिक्षक संलग्न करा दिया जाएगा। पूर्व माध्यमिक शाला कलिया में शेष 2 शिक्षकीय पदों को भरने के लिए संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, सरगुजा संभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। साथ ही इस शाला के शिक्षक श्री विरेन्द्र कुमार को अपने मूल पदस्थ संस्था में 3 कालखण्ड अनिवार्यतः लेने हेतु निर्देशित किया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला कलिया के जर्जर भवन के स्थान पर नवीन भवन निर्माण हेतु बीईओ बगीचा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से प्राक्कलन मंगाई गई है। प्राक्कलन प्राप्त होते ही नवीन भवन निर्माण का प्रस्ताव लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर को भेजा जाएगा। प्राथमिक शाला कलिया के मुख्य जर्जर भवन के अतिरिक्त 01 अतिरिक्त कक्ष, 01 बरामदा एवं 01 किचन शेड उपलब्ध है जहां छात्र-छात्राओं को बैठाकर अध्यापन कार्य कराया जा रहा है।

# जिले में कोरोना से बचाव हेतु नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान शुरू

### विधायक जशपुर विनय भगत ने प्रिकॉशन डोज लगवाकर लोगों से वैक्सीन लगवाने किया अपील

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जिले में कोरोना से बचाव के लिए 18 वर्ष से अधिक के सभी लोगों को आज से नि:शुल्क प्रिकॉशन/बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। इस आयु वर्ग के ऐसे लोग जिन्हें कोविड वैक्सीन का दूसरा टीका लगाए 6 माह या 26 सप्ताह पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर पर प्रिकॉशन/बूस्टर डोज लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जशपुर जिले के आयुषविंग में जशपुर विधायक विनय भगत ने प्रिकॉशन/बूस्टर डोज लगाकर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से वैक्सीन लगवाने हेतु अपील करते हुए कहा कि कोविड वैक्सीन से हमारे साथ ही हमारा परिवार एवं समाज सुरक्षित रह सकता है। इस हेतु आप सभी अपनी जिम्मेदारी समझ कर प्रिकॉशन डोज अवश्यक लगवाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को वैक्सीन लगाए।

# चापाटोली के ग्रामीणों को हमर गांव हमर पानी हमर मिट्टी के तहत जल संरक्षण हेतु प्रशिक्षण किया गया प्रदान

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जनपद पंचायत दुलदुला के ग्राम पंचायत चापाटोली में आज हमर गांव हमर पानी हमर मिट्टी के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु ग्रामीणों को वर्षा जल के बचाव के लिए आवश्यक जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद श्री बजरंग वर्मा, तकनीकी सहायक व ग्रामीण उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ग्रामीणों को भू जल स्तर बढ़ाने के लिए जल बचाव हेतु कंटूर ट्रेंच निर्माण व मिट्टी के क्षरण से रोकने के लिए वृक्षारोपण की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही आवश्यक स्थानों पर बोल्डर चेकडेम, गली प्लग, गेबियन जैसी संरचनाओं की उपयोगिता को समझाया गया। जिससे की गांव का पानी, गांव का ही भू जल स्तर बढ़ाए तथा मिट्टी के कटाव को रोका जा सके।




# मुख्यमंत्री की घोषणाओं एवं निर्देशों पर तत्परता से अमल हो-मुख्य सचिव

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य शासन के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों के भ्रमण, भेंट मुलाकात और विभिन्न विभागीय बैठकों में दिए गए निर्देशों एवं उनके द्वारा की गई घोषणा पर त्वरित अमल सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से मुख्यमंत्री के निर्देशों, घोषणाओं पर हुई प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी मौजूद थे। बैठक में प्रदेश के संभागायुक्त एवं कलेक्टर वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में जशपुर जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर अजय लकड़ा, सीएमएचओ रंजीत टोप्पो एंव आदिमजाति विकास विभाग, खाद्य, विपणन सहित अन्य विभगा के अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बैठक में कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए विभिन्न विभागों के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि योजनाओं का लाभ राज्य के नागरिकों को मिले इसके लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिलों में भेंट मुलाकात के दौरान की गई घोषणाओं और दिए निर्देशों पर कलेक्टर स्थानीय स्तर पर तत्काल कार्यवाही करें तथा जो कार्य राज्य स्तर पर किए जा सकते है उसका शीघ्र ही प्रस्ताव बनाकर भेजे। मुख्य सचिव ने संभागायुक्तों को निर्देश दिए है कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र के जिलों में कार्ययोजना के तहत मुख्यमंत्री की घोषणाओं और निर्देशों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके लिए वे कलेक्टरों से लगातार समन्वय करें। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव को निर्देश दिए कि प्रदेश की गर्भवती माताओं में एनिमिया की कमी लाने के लिए महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक समन्वय के साथ कार्य करें। जिससे महिलाओं में एनीमिया को दूर किया जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत गर्म भोजन प्रदाय करने की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिग सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए बैंकों की शाखाएं खोलने के लिए वित्त विभाग के प्रमुख अधिकारियों को सभी जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# गोली कांड के मास्टर माईंड मुख्य आरोपी समेत पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो आरोपी अब भी फरार

### 1 लाख 20 हजार की सुपारी देकर कराई गई थी दंपत्ति की हत्या

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जशपुर जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र के दोकड़ा चौकी अंतर्गत हुई दंपत्ति की गोली मारकर हत्या मामले में कांसाबेल पुलिस ने अन्य 3 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें गोली चलाकर हत्या कारित करने वाले मुख्य आरोपी शामिल हैं। कांसाबेल पुलिस इससे पूर्व भी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक आरोपी वर्ष 2018 में हुए हत्या के प्रकरण का भी मुख्य आरोपी है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 9 जुलाई 2022 की रात्रि लगभग 10 बजे ग्राम जामुण्डा चौकी दोकड़ा थाना कांसाबेल में संदीप पन्ना उम्र 35 साल तथा द्रोपति बाई उम्र 35 साल को अज्ञात आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। मृतिका द्रोपति बाई के पूर्व पति जयनाथ सिंह उम्र 42 साल की उक्त रिपोर्ट पर थाना कांसाबेल में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 99/2022 धारा 302, 120(बी) भादवि एवं 25ए 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर प्रकरण के आरोपीगण दर्शन राम उम्र 37 साल निवासी जामुण्डा नावाटोली चौकी दोकड़ा, संदीप राम उम्र 33 साल निवासी चोंगरीबहार नवाटोली चौकी दोकड़ा, शिवमंगल उर्फ बंदरा उम्र 41 साल निवासी चोंगरीबहार नवाटोली चौकी दोकड़ा को 13 जुलाई 2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। थाना प्रभारी एसआर भगत ने बताया कि हत्या के मामले में कुल 8 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिसमें 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। दो अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

विवेचना दौरान प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों के संबंध में मुखबीर की सूचना एवं सायबर सेल के सहयोग से पता-तलाश कर दबिश देकर आरोपीगण कृष्णा दास गोस्वामी, लखन उरांव तथा लालकुमार चौहान को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ करने पर बताये कि घटना दिनांक को आरोपी दर्शन राम द्वारा उन्हें उक्त घटना को अंजाम देने के लिये 1,20,000 रूपये में सौदा तय कर 9 जुलाई 2022 को बुलाने पर मृतक तथा मृतिका की गोली मारकर हत्या करना स्वीकार किये हैं। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त केयूव्ही कार क्रमांक जेएच 01 सीसी 7612, एक देशी रिवाल्वर, 1 मोटर सायकल एवं 1 स्कूटी जप्त किया गया है। आरोपी कृष्णा दास गोस्वामी से पूछताछ करने पर बताया कि वर्ष 2018 में ग्राम धुरियाअंबा चौकी करडेगा में एक मकान में बुजूर्ग महिला एवं पुरूष रहते थे जिनके घर में बकरा, बकरी चोरी करते समय विरोध करते समय बुजूर्ग पुरूष को टांगी से मारकर हत्या कर दिया था तथा बुजूर्ग महिला की हत्या करने का प्रयास किया था स्वीकार किया। उक्त रिपोर्ट पर चौकी करडेगा थाना तपकरा में अपराध क्रमांक 100/2018 धारा 392, 294, 302, 458, 459, 460, 323 भादवि का अपराध पंजीबद्ध था। अपराध सबूत पाए जाने पर प्रकरण के आरोपीगण कृष्णा दास गोस्वामी उम्र 35 साल निवासी बुन्डु पुरना बाजारटोली जिला रांची झारखंड, लखन उरांव उम्र 26 साल निवासी मेड़ो पहानटोली थाना सेन्हा जिला लोहरदगा झारखंड, तथा लालकुमार चौहान उम्र 27 साल निवासी धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ छ.ग. को 15 जुर्ला 2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में उनि सकलू राम भगत, सउनि आभाष मिंज, सउनि ईश्वर प्रसाद वारले, प्रआर 37 राजू राम पांडे, आर शोभनाथ, नरसिंह सोनवानी, प्रकाश मिंज, परशु राम, वितिन राम, महेश मालाकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला -रायगढ़ ( छ.ग. )**

ई-कोर्ट. क्र. 202206042200021 /अ-6/2021-2022

निवासी-विजयनगर

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम विजयनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार शर्मा पिता महादेव प्रसाद शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम कापू तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 के तहत् ग्राम विजयनगर में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1606/2, 1611, 1820 कुल रकबा 1.991 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने बावत आवेदन पत्र मय सहपत्र पेश किया गया है।

अतः ग्राम विजयनगर तहसील धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग) में स्थित आवेदक के भूमिस्वामी हक अधिकार एवं कब्जे की भूमि खसरा नंबर 1606/2, 1611, 1820 कुल रकबा 1.991 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने पर किसी हितबद्ध पक्षकार/ व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28-07-2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/06/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय** अधिकारी (रा.) धरमजयगढ़

# चिंता गिरी की चिंता हुई दूर, गोधन न्याय योजना बना सहारा

## गोबर बेचकर कमायी 73 हजार रूपये से अधिक, किया खुद का व्यवसाय प्रारंभ





जोहार छततीसगढ़-रायगढ़।

शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन में महती भूमिका निभा रही हैं। ग्रामीण एवं शहरी अर्थव्यवस्था को ध्यान में रख कर बनाई गई शासन की योजनाओं के फलस्वरूप आज ग्रामीण एवं शहरी अंचल में लोगों को रोजगार और उनके आय में वृद्धि के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। इन योजनाओं से युवा, महिलाओं एवं किसान सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। इसका जीवंत उदाहरण देखने को मिला किरोड़ीमल नगर पंचायत की चिंता देवी गिरी के जीवन में, जिन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना का लाभ लेकर खुद का फल व्यवसाय प्रारंभ कर चुकी है। इसके साथ ही एक अन्य व्यवसाय को विस्तार दे रही है।

रायगढ़ जिले के किरोड़ीमल नगर पंचायत में निवासरत चिंता देवी गिरी भी उनमें से एक है जिन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अतिरिक्त आय का जरिया निर्मित कर परिवार की जिम्मेदारियों में सहयोग प्रदान कर रही है। चिंता गिरी ने बताया कि पूर्व में लोग गाय के गोबर को बाहर फेंक दिया जाता था। जिसकी कोई कीमत नहीं होती थी। आज उस गाय के गोबर को गोधन के रूप में जाना जाता है। उन्होंने गोधन न्याय योजना के तहत उस गोबर को बेच कर लगभग 73 हजार 400 रूपये की कमाई की जो कि उनके लिए यह एक बहुत बड़ी धन राशि थी। वर्तमान में आज उस धन राशि का उपयोग कर वह अपने द्वारा निजी व्यवसाय प्रारंभ किया है। वह आज किरोड़ीमल नगर में फल की दुकान खोलकर फलों का व्यवसाय कर रही है। जिनसे उनका लगभग प्रतिमाह 10 से 15 हजार रुपए अतिरिक्त आय प्राप्त होता है। फल व्यवसाय से मिले अर्जित आय से आज वे एक अन्य व्यवसाय प्रारंभ की है जिसमें वह घरेलू दैनिक उपयोग की चीजों का सामान रखी हुयी है। वह व्यवसाय को वृहद स्तर पर करने का प्रयास कर रही है, जिसमें उनके परिवार के सदस्य भी उनका सहयोग कर रहे है। सच्ची मेहनत और लगन से काम करने पर सफलता अवश्य प्राप्त होती है। गिरी की सफलता ने अन्य महिलाओं के लिए मिसाल कायम कर रही है। चिंता गिरी ने आजीविका विकास के लिए शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर

### केंद्रीय विद्यालय जशपुर में एक दिवसीय करियर गाइडेंस कार्यशाला का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जशपुर जिले के केंद्रीय विद्यालय जशपुर में बच्चों को करियर गाइडेंस के बारे में जानकारी देने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में बच्चों को विभिन्न विषयों एवं कैरियर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को पढ़ाई, अच्छे परीक्षा परिणाम, परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने एवं आगे कैरियर के सही चयन के सम्बंध में आवश्यक सुझाव दिए गए। बच्चो को आईएएस, आईपीएस, कार्डियोलोजिस्ट, मेडिकल सर्जन, एयर फोर्स, डॉक्टर, वैज्ञानिक, प्रोफेसर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, सिविल जज एवं साफ्टवेयर इंजीनियर बनने जैसे कैरियर के चुनाव के तैयारी के सम्बंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में विद्यालय परिसर के बच्चे एवं स्टाफ उपस्थित थे।

### व्हीटीपी पाठ्यक्रम में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 23 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छततीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत व्ही.टी.पी.पाठ्यक्रम (इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक साल्यूशन पावर)का निःशुल्क प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में 23 जुलाई 2022 तक आवेदन कर सकते है। प्रशिक्षणार्थी को कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी सभी अंक सूचियों एवं दस्तावेजों की मूल प्रति अथवा एक छायाप्रति के साथ दो पासपोर्ट फोटो के साथ निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए इलेक्ट्रिशियन भागवत वर्मा मोबा.नंबर 97536-99579 से संपर्क कर सकते है।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर एवं ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा एवं आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगी। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित करवाया जायेगा। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबा.नं 9752658995 एवं 7000598379 से संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने किया चाम्पा में एसटीपी निर्माण का अवलोकन

## कार्यों में प्रगति लाने और समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा द्वारा नगरीय निकाय चांपा के वार्ड क्र. 13 घोघरानाला नया फिल्टर प्लांट के पास शासन द्वारा स्वीकृत 5.3 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा एसटीपी कार्य के ठेकेदार मेसर्स सुधाकर इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को एसटीपी कार्य को निर्धारित समयावधि 30 माह में तथा उच्चगुणवत्ता युक्त करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चांपा शहर के नालों का गंदा पानी जो कि हसदेव नदी में जा रहा है, जिससे नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनने पर पानी वहीं फिल्टर हो जायेगा जिससे हसदेव नदी का जल प्रदूषित नहीं होगा। एसटीपी निर्माण चांपा शहर के लिये मील का पत्थर साबित होगा तथा चांपा के लिये यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। निरीक्षण के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष जय कुमार थवाईत मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रहलाद पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता डी. के. शर्मा एवं उप अभियंता देवेन्द्र कैवर्त्य उपस्थित रहें।

# बिगड़े हैण्डपंप का किया गया तत्काल मरम्मत

## डोंगरीपारा के ग्रामीणों को मिला शुद्ध पेयजल

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।



कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा गत दिवस चारामा विकासखण्ड के ग्राम पलेवा के साप्ताहिक बाजार में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत मरीजों का उपचार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 07 डोंगरीपारा के ग्रामीणों ने अपने मोहल्ले के हैण्डपंप को खराब होने की जानकारी देते हुए उसे सुधार कराने का निवेदन किया था। कलेक्टर के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दूसरे दिन ही हैण्डपंप का सुधार करा दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता एस.आर. नेताम ने बताया कि उक्त ग्राम में 23 हैण्डपंप स्थापित हैं, जिनमें से डोंगरीपारा के हैण्डपंप खराब हो गया था, जिसकी मरम्मत कर दी गई। अब डोंगरीपारा के ग्रामीणों को हैण्डपंप के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है।

## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221

# दिव्यांगजनों का मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने कोटतरा आयोजित किया गया शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।



दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने तथा पेंशन निवारण के लिए चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोटतरा में आज शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 77 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया, इनमें दृष्टि बाधित के 06, अस्थि बाधित के 19, श्रवण बाधित 02, मानसिक 08 और बौनापन के 01 तथा नवीनीकरण हेतु 41 आवेदन प्राप्त हुए, शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों का बूस्टर टीकाकरण भी किया गया।

# ग्राम तुड़गे निवासी मोतीराम को मिला कृत्रिम पैर

## अब नहीं लेना पड़ेगा बैसाखी का सहारा

जोहार छत्तीसगढ़-कांकेर।



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भानुप्रतापपुर में आयोजित भेट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्राम तुड़के निवासी मोतीराम ने दिव्यांग होने की समस्या बताते हुए कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री से निवेदन किया था। मुख्यमंत्री के निर्देश का त्वरित पालन करते हुए जिला प्रशासन द्वारा मोतीराम को कृत्रिम पैर लगा दिया गया है, जिससे अब वे बिना बैसाखी के चल सकते हैं।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक द्वारा ग्राम तुड़गे पहुंचकर मोतीराम को कृत्रिम पैर लगवाने के लिए फिजिकल रैफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर माना रायपुर भेजा गया, वहां उनके पैर का नाप लिया गया था। एक महीने के बाद मोतीराम को पुनः फिजिकल रैफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर माना कैम्प रायपुर भेजा गया, जहाँ उनका कृत्रिम पैर लगाया गया, अब मोतीराम बिना बैसाखी के चल सकते हैं। कृत्रिम पैर लगने पर उन्होंने खुश होते हुए बताया कि उनका एक पैर एक्सीडेंट में कट गया था, जिससे उन्हें चलने-फिरने में बहुत परेशानी होती थी। कृत्रिम पैर लगने से अब उन्हें आने-जाने में बैसाखी का सहारा नहीं लेना पड़ेगा और न ही कोई परेशानी होगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने एनडीए की राष्ट्रपति की उम्मीदवार का समर्थन

# रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक से समर्थन मांगा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



केंद्र में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो चुकी है, केंद्र सरकार की भारतीय जनता पार्टी एवं उनके घटक दलों ने इस बार इस बार आदिवासी समुदाय से महिला उम्मीदवार के रूप में झारखंड की पूर्व राज्यपाल ओडिसा से द्रौपदी मुर्मू जी को अपना प्रत्याशी बनाया है, अपने इस चुनाव अभियान के तहत आज एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जी आज छत्तीसगढ़ के दौरे पर है। वहीं प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी सांसदों, विधायक एवं जिले में जिले में निवासरत वरिष्ठ नेताओं से आग्रह किया है कि वे सभी अपने-अपने जिले में कांग्रेसी सांसदों एवं विधायकों के यहां जाकर उनसे अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए उनके पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले के वरिष्ठ नेताओं ने आज रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के कार्यालय जाकर उनसे एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

उनके कार्यालय जाकर निवेदन करने वाले में भाजपा रायगढ़ के वरिष्ठ नेतागण प्रदेश कार्यसमिति सदस्य द्वय जगन्नाथ पाणिग्राही, गुरुपाल सिंह भल्ला, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत सोमावार, पूर्व सभापति एवम वरिष्ठ पार्षद सुभाष पाण्डेय, भाजपा आईटीसेल एवं सोशल मीडिया सेल के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य द्वय आलोक सिंह, पवन शर्मा मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।




पत्थलगांव.जशपुर एनएच-43 मुख्य मार्ग पर बीती रात सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान सिविल अस्पताल में मौत हो गई। घटना की सूचना पत्थलगांव पुलिस को दी गई । जहां पुलिस ने मर्ग पंचनमा कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत शेखरपुर के पैंकरापारा निवासी स्व. लोहर साय पैंकरा के 69 वर्षीय पुत्र कृतन राम पैंकरा उर्फ सिंगारों के रूप में हुई है। और भी पढ़े खबरे कका मोला तोर संग फ ोटो खिंचाना हे, पोस्टर देख भीड़ से बुला लिए सीएम बघेल, फिर क्या था। स्माइल प्लीज..जो गत रात की अपने घर पैदल लौटने के दौरान एनएच-43 स्थित कृषि विज्ञान केंद्र डूमरबहार के पास में जशपुर की ओर से आ रही एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे कृतन पैंकरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने देखा तो सड़क के किनारे घायलवस्था में पड़ा था। वही सर खून से लतपथ था, जहां परिजनों की सहायता से आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पत्थलगांव लाया गया। जहां इलाज के दौरान ही कृतन ने दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक का दिमागी हालत ठीक नहीं था। घटना से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। वही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन**, फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in